तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 11.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

14 जूनियर डाक्टरों ने खोला मोर्चा, काली पट्टी...


14 उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य धीमा, महापौर...


# गाड़ी रायपुर में खड़ी और बिहार के बेगूसराय टोल में फास्टैग से कट गया पैसा, ऐसे कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गाड़ी घर पर खड़ी हो और सैकड़ों किमी दूर दूसरे राज्य के टोल नाके पर उसका टैक्स कट जाए तो हैरानी तो होगी ही, उससे ज्यादा परेशानी भी। परेशानी इसलिए कि इसका कोई समाधान सामने नहीं आ रहा है, ऐसे दर्जनों केस सामने आ चुके हैं, पर शिकायतों से आगे मामला आगे नहीं बड़ा। तकनीकी खामियां बताकर ऐसी अर्जियां डंप रही। सोमवार को भी ऐसा ही नवा रायपुर के एक किसान के साथ घटित हुआ है। किसान के घर की पार्किंग में खड़ी कार का बिहार, बेगूसराय स्थित गोविंदपुरा टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल टैक्स कट गया। नवा रायपुर चेरिया के पूर्व सरपंच बल्ला तिवारी के अनुसार उनकी कार सीजी 04 डीजी 3700 का गोविंदपुर टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल कटने का सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे मैजेस आया। उनकी कार घर पर खड़ी है, रायपुर के अलावा किसी दूसरे शहर गई ही नहीं है। किसान ने सुबह मैसेज देखा, तो उन्हें लगा कि किसी ने उनकी कार चोरी कर ली। इसके बाद किसान ने घर के बाहर आकर देखा, तो कार घर के पास खड़ी मिली। बल्ला तिवारी का एचडीएफसी बैंक में फास्टैग बना है। टोल काटे जाने का मैसेज आने पर किसी अनहोनी की आशंका के कारण किसान ने संबंधित बैंक जाकर पतासाजी की। बैंक प्रबंधन ने रकम काटे जाने की पुष्टि की, लेकिन बैंक प्रबंधन यह बताने में असमर्थ रहा कि उनके वालेट से कैसे गोविंदपुरा टोल प्लाजा में पैसा कटा।


## टोल में झोल, खड़ी गाड़ियों का टैक्स कट रहा, न शिकायत हो पा रही, न समस्या का समाधान

### इस वजह से हो रही गड़बड़ी

जानकारों के अनुसार टोल प्लाजा में गाड़ियों का नंबर रीड करने लगे कैमरे में तकनीकी खामी होने की वजह से किसी की जगह किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट कट रहा है। इसके अलावा कई बार कैमरा नंबर रीड नहीं कर पाता, ऐसे में टोल प्लाजा में बैठा कर्मी मैन्यूअली नंबर एंट्री करता है। तब नंबर एंट्री करते समय गड़बड़ी होने पर किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट जाता है।

### शिकायत से अफसर भी परेशान

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आम लोगों के साथ कई अफसरों के पास फास्टैग वालेट से पैसे काटे जाने के मैसेज पूर्व में आ चुके हैं। कई ऐसे होते हैं, जो छोटी रकम होने की वजह से शिकायत तक दर्ज नहीं कराते। फाल्स तरीके से फास्टैग से पैसे काटे जाने से आम लोगों की जेबें कट रही हैं।




### रिफंड पाने के लिए यहां करें शिकायत

*फास्टैग वालेट से गलत तरीके पैसा कटने पर एनएचएआई का हेल्पलाइन नंबर 1033 या फाल्स डिडक्शन एट द रेट आईएचएमसीएल डॉट कॉम पर ईमेल करके तुरंत शिकायत करें, जिसमें ट्रांजेक्शन आईडी और गाड़ी के नंबर जैसी डिटेल्स दें, ताकि पैसा वापस मिल सके। गाड़ी मालिक अपने फास्टैग ऐप या बैंक पोर्टल पर गलत कटने वाले पैसे की तारीख, समय और अमाउंट नोट करके अपने पास सेव रखें। शिकायत दर्ज करने के बाद, गाड़ी मालिक को एक रेफरेंस नंबर मिलेगा। उसकी मदद से स्टेटस चेक करते रहें।*

## खबर संक्षेप

### प्रवचन सुनने गई महिला के गले से चेन पार

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ गले में पहने सोने की चेन चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरानी बस्ती ब्राह्मणपारा निवासी लक्ष्मी मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को बूढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में प्रवचन सुनने गई थी। इस दौरान कोई अज्ञात चोर महिला के गले से सोने की चेन काटकर ले गया।

### सोने की चेन लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पास युवक के साथ मारपीट कर उसके गले से ढाई लाख रुपए कीमत की सोने की चेन लूट के आरोप में पुलिस ने एक महिला और एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य युवक फरार है। निधीश राव की शिकायत पर पुलिस ने हसमुख महानंद, कौशल्या माहेश्वरी को गिरफ्तार किया है।

*पहले से टिकट बुक कराने वाले यात्री मायूस, सफर कैंसिल कर रिफंड लेना मजबूरी*


# ये सफर नहीं आसां...दिल्ली-मुंबई समेत छह शहरों की आठ फ्लाइट रद्द रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय की बचत करने सैकड़ों किलोमीटर का सफर चंद घंटों में पूरा करना अब आसान नहीं रह गया है। सोमवार को रायपुर से दिल्ली-मुंबई समेत 6 शहरों में जाने-आने वाली आठ फ्लाइट स्थगित रही। कम संख्या में विमानों का संचालन होने की वजह से विमानतल पर सूनापन नजर आ रहा है। घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाकर पहले से टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को मायूसी का सामना करना पड़ रहा है और विकल्प नहीं होने से रिफंड लेना मजबूरी है। विभिन्न शहरों की फ्लाइट नहीं चलने का मैसेज यात्रियों को पहले से मिलने की वजह एयरपोर्ट की भागादौड़ी अभी कम हो गई है।

■ फ्लाइट रद्द होने की घोषणा पहले ही, मैसेज मिलने से अब कम हुई एयरपोर्ट की भागादौड़ी

अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए फ्लाइट का उपयोग करने वाले यात्रियों की मुसीबत छठवें दिन भी जारी रही। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सोमवार को आठ फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ, जिसकी वजह से साढ़े पांच सौ से ज्यादा यात्रियों को अपनी यात्रा टालनी पड़ी। इन फ्लाइट के यात्रियों को फ्लाइट कैंसिल होने का मैसेज पहले से आने की वजह से उन्हें एयरपोर्ट तक जाकर नाहक परेशानी नहीं उठानी पड़ी। फ्लाइट रद्द होने की वजह से उनके पास अपनी यात्रा करने का दूसरा विकल्प नहीं था, इसलिए कंपनी से रिफंड लेने की प्रक्रिया ही उन्हें पूरी करनी पड़ी। विमानों का संचालन कम होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की संख्या भी कम हो चुकी है और वहां पीक शेड्यूल के दौरान भी यात्रियों की संख्या कम ही दिखाई पड़ रही है। सामान्य दिनों में यहां दर्जनभर शहरों से नियमित रूप से औसतन तीस बार फ्लाइट आती है और उतनी ही संख्या में उड़ान भरती है। सर्वाधिक और दिनभर की उड़ान दिल्ली के लिए संचालित होती है।



### सोमवार को नहीं उड़ी यह फ्लाइट

- सुबह 7 .55 बजे कोलकाता जाने वाली फ्लाइट
- सुबह 8 .40 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट
- सुबह 10 .00 बजे बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट
- सुबह 11 .00 बजे हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट
- दोपहर 2 .40 बजे भोपाल से आने वाली फ्लाइट
- शाम 5 .35 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट
- शाम 5 .55 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट
- शाम 6 .50 बजे हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट

### यात्रियों को 10 गुना मुआवजा देने सिविल सोसाइटी ने भेजा इंडिगो को लीगल नोटिस

*देशभर में अपनी उड़ान रद्द करने वाली इंडिगो एयरलाइंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए विधिक नोटिस जारी किया है। सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने यह नोटिस इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजते हुए कहा है कि यह कदम न केवल यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय कानूनों और नागरिक उड्डयन नियमों की भी खुली अवहेलना है। बिना सूचना फ्लाइट रद्द किए जाने से यात्रियों को आर्थिक नुकसान, मानसिक कष्ट और समय की हानि हुई है। डा. सोलंकी ने नोटिस में स्पष्ट कहा है कि इंडिगो का यह कृत्य भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, विमानन नियम तथा डीजीसीए के निर्देशों का उल्लंघन है। नोटिस में कहा गया है कि इंडिगो प्रभावित यात्री को उनके टिकट मूल्य का कम से कम दस गुना मुआवजा तथा होटल, वैकल्पिक यात्रा, चिकित्सा खर्च जैसे सभी प्रत्यक्ष नुकसान की पूर्ण प्रतिपूर्ति पांच कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित करे। उनके द्वारा पीड़ित यात्रियों की ओर से इस मामले में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को शिकायत की गई है। इसमें विशेष जांच एयरलाइंस कंपनी में एक बिलियन का जुर्माना लगाने की मांग की गई है।*

# डेढ़ दर्जन चौराहों की सूरत बदलने प्लान बना, 9 करोड़ खर्च होंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर इन चौराहों को चिन्हांकित किया है। इसमें नगर उत्थान योजना के तहत नगर निगम अपने इम्पेनल्ड आर्किटेक्ट से सर्वे कराया, जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था स्मूथ करने सुझाव दिया है। इसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी नाका चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर ▶▶| शेष पेज 14 पर

### चौराहों की दशा सुधारी जाएगी

शहर के डेढ़ दर्जन चौराहों की दशा सुधारी जाएगी। आने वाले दिनों में लोगों को इन चौराहों पर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर उत्थान योजना में 9 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार है। टेंडर ओपन कर एजेंसी तय की जाएगी। 18 माह की समय सीमा में यह काम पूरा होगा।


-अंशुल शर्मा जूनियर, कार्यपालन अभियंता, नगर निगम रायपुर

# ठंड का दौर जारी, अगले दो दिन तक शीतलहर का अलर्ट, माना में 8 डिग्री

## सामान्य से 6 डिग्री कम, यह स्थिति अंबिकापुर में भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुष्क हवा के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटे में माना का न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग 6 डिग्री कम दर्ज किया गया है। भले ही अंबिकापुर का रात का तापमान पांच डिग्री तक पहुंच गया है, मगर यह सामान्य स्थिति से 5 डिग्री नीचे है। अनुमान है कि ठंड का दौर अभी जारी रह सकता है, क्योंकि अगले दो दिनों के लिए कई इलाकों में शीतलहर का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



*छात्रों की दक्षता जानने शाला स्तर पर हो रहा प्रयोग*

# बच्चे रट रहे या समझ रहे... यह जानने ‘सफल मूल्यांकन’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई आठ दिसंबर से बच्चों की समझने की दक्षता को परखने के लिए सफल मूल्यांकन परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की अवधारणाओं को समझने की क्षमता और ज्ञान को सही तरीके से आंकना है। बच्चों में समझने की दक्षता कितनी बढ़ी है, इसके लिए यह ‘सफल’ मूल्यांकन हो रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की विषयवार परीक्षा का 8 दिसंबर से आरंभ कर दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यह परीक्षा पेन-पेपर मोड में आयोजित होगी। सीबीएसई ने ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत रटने की जगह समझने पर दिया जा रहा जोर




# अमित बघेल न्यायिक रिमांड पर 19 दिसंबर तक जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल, सिंधी समाज के आराध्य को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने वाला छत्तीसगढ़ क्रांति सेना अध्यक्ष अमित बघेल की तीन दिन की रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने अमित बघेल को 19 दिसंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। पुलिस ने अमित बघेल को जेनिफर लकड़ा की जेएमएफसी कोर्ट में पेश किया। ▶▶| शेष पेज 14 पर

### मां के दशगात्र में शामिल होने की मिली अनुमति

*जमानत याचिका खारिज होने पर बचाव पक्ष के वकील ने अमित बघेल की मां की मौत का हवाला देते हुए मृतक के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी। अमित बघेल की मां का 15 दिसंबर को दशगात्र होना है। कोर्ट ने अमित बघेल को अपनी मां के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने अनुमति प्रदान की है।*

### पुलिस ने पूरी की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना अध्यक्ष के खिलाफ भिलाई, छिंदवाड़ा और बेंगलुरु इन तीनों जगहों पर भी एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस के पास इन तीनों जगहों से एफआईआर की कॉपी पहले से पहुंच गई है। अदालत से अनुमति लेकर पुलिस ने इन तीनों मामलों में सोमवार को अमित बघेल की गिरफ्तारी की औपचारिक कार्रवाई पूरी की है।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




ऑनलाईन स्पेशल ₹445 प्रति पीस वाली
फिटेड विथ इलास्टिक सिंगल बेडशीट
आकर्षक प्रिंट एवं डिजाईन में
₹449 में
5 सिंगल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
रायपुर
बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी • न्यू राजेन्द्र नगर मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी
*condition apply

**खबर संक्षेप**

## लोक कलाकार गंगा साहू को मिला अगास सम्मान



**आरंग।** आरंग के लोक कलाकार गंगा प्रसाद साहू को शनिवार को बालोद में आयोजित एक कार्यक्रम में /"अगास दिया/" सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया उन्हें, समाजसेवी,लेखक एवं मंचीय प्रदर्शन में सिद्ध कलाकार कीर्तिशेष नारायण चंद्राकर की स्मृति में छत्तीसगढ़ के अनेक विधाओं पर बीस वर्षों से लोकगीत गायन तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को निरंतर प्रचारित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि गंगा प्रसाद साहू महादानी राजा मोरध्वज नगरी आरंग में संचालित चर्चित लोकमंचीय संस्था लोकबयार के संचालक हैं। उन्हें सम्मानित किए जाने पर आरंग क्षेत्र के समस्त कलाकार संगठनों, सामाजिक संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग छत्तीसगढ़ व रानी पद्मावती महिला संगठन आरंग ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई, शुभकामनाएं दिए हैं।

### समोदा–कुसमुंदा रोड स्थित नहर के पास हुई आमने-सामने की टक्कर

# दो वाहनों की भीषण टक्कर में युवक और बुजुर्ग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत समोदा में रविवार शाम रफ्तार ने दो परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। समोदा–कुसमुंदा रोड स्थित नहर के पास हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक और एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना रविवार शाम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजाज एवेंजर बाइक से ग्राम सुंद्रावन, थाना पलारी, जिला बलौदाबाजार निवासी उमेश कुर्रे (19 वर्ष) समोदा की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने दिशा से एक्टिवा स्कूटी में ग्राम तुलसी, थाना खरोरा निवासी तिहारूराम साहू (60 वर्ष) नहर के पास पहुंचे। तेज रफ्तार में दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर का प्रभाव इतना भारी था कि दोनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों चालक निर्जीव पड़े थे। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना आरंग थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमॉर्टम हेतु मर्चुरी भिजवाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद समोदा क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोग सड़क पर बढ़ती रफ्तार और अव्यवस्थित वाहन संचालन को ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार बता रहे हैं।

### चलते ट्रक में लगी आग चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**आरंग।** खरोरा मार्ग पर सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम गुल्लू के पास चलते ट्रक में अचानक आग भड़क उठी। हालांकि चालक की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में ट्रक का ड्राइवर केबिन जलकर खाक हो गया तथा एक टायर फटने की भी जानकारी सामने आई है। प्राप्त जानकारी अनुसार, आज सुबह श्री रेणुक देव एग्रोटेक, गुल्लू से ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0146 खंडा लेकर मोदी बॉयोटेक प्राइवेट लिमिटेड, ओड़का के लिए रवाना हुआ था। आरंग पहुंचने से पहले ही चालक को इंजन की ओर से स्पार्क निकलते दिखाई दिए। स्थिति को भांपते हुए उसने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोक दिया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

### मालवाहकों पर सवारी ढोने का जारी है पर कार्रवाई नहीं हो रही

**कूंरा।** खरोरा क्षेत्र में कुछ महीने पूर्व घटी हृदयविदारक घटना को प्रदेश आज भी नहीं भूल पाया है। मालवाहक मेटाडोर में बैठकर यात्रा कर रहे एक ही परिवार के 8 सदस्यों की दर्दनाक मौत ने पूरे छत्तीसगढ़ को झकझोर दिया था। उस घटना के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में सख्ती बरतते हुए जागरूकता अभियान चलाए, मालवाहक वाहन मालिकों के साथ बैठकें की गईं तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव का कहना है कि समय बीतते ही नियमों का पालन ढीला पड़ गया है और वही खतरनाक स्थिति फिर से लौट आई है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राकेश यादव ने हमारे संवाददाता को बताया कि प्रदेश की याददाश्त शायद बहुत कमजोर हो गई है। जिस दर्दनाक हादसे ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया था, उसी हादसे से मिली सीख लोग दोबारा भूलने लगे हैं। उन्होंने दुःख व्यक्त किया कि जब आम जनता नियमों को हल्के में ले तो समझ आता है, परन्तु जब "कानून के रखवाले" ही कानून भूल जाएं, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

## वन नेशन वन इलेक्शन अभियान में छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

देश में राजनीतिक स्थिरता और सुशासन को बल देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल, "वन नेशन वन इलेक्शन" के समर्थन में सोमवार को मांढर स्थित कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में एक भव्य हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया जो राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर युवाओं की बढ़ती सक्रियता को दर्शाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवामोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री फानेंद्र वर्मा रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष श्री हरिशंकर वर्मा, कार्यक्रम संयोजक योगेश साहू व कोलंबिया इंस्टीट्यूट के सेक्रेटरी श्री गुरजीत सिंह हुरा सहित अनेक शिक्षाविद और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने /"एक राष्ट्र, एक चुनाव/" के दूरगामी राष्ट्रीय लाभों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

### युवाओं ने दिखाया उत्साह

कार्यक्रम के अंत में, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने बड़े उत्साह और जिम्मेदारी की भावना के साथ हस्ताक्षर कर इस राष्ट्रीय अभियान को अपना समर्थन दिया। यह समर्थन देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सुधार की दिशा में एक मजबूत संदेश देता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संयोजक श्री योगेश साहू ने सभी अतिथियों, कॉलेज प्रबंधन, कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रणाली से देश का वित्तीय बोझ काफी कम होगा, क्योंकि बार-बार चुनाव कराने में होने वाला भारी खर्च बचेगा। साथ ही, प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव घटेगा, जिससे सरकारी अधिकारी निर्बाध रूप से विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और विकास परियोजनाओं में बाधा नहीं आएगी। चर्चा का मुख्य विषय यह रहा कि देशभर में एक साथ चुनाव होने से पारदर्शिता और स्थिरता बढ़ेगी।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में सदस्यता अभियान पर जोर



**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, ब्लॉक शाखा आरंग की ब्लॉक स्तरीय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के प्रधान संरक्षक और सलाहकार ओ.पी. शर्मा उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रायपुर सालिक नौरंगे ने की। सभी प्रांतीय और जिला पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सुष्मिता मसीह ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी एकजुट होकर ब्लॉक स्तर की समस्याओं को संघ के माध्यम से आगे रखें, ताकि उनका समाधान हो सके। जिलाध्यक्ष सालिक नौरंगे ने संबोधन में शत-प्रतिशत सदस्यता अभियान चलाने और सदस्यता पर्ची भरने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला स्तर की समस्याओं को संघ के पास भेजने की अपील की, ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिला संरक्षक एस.एस. सोनी, महामंत्री एस.पी. देवांगन और प्रांतीय कोषाध्यक्ष आर.पी. यादव ने संघ के साथ एकजुट बने रहने की बात कही। मुख्य अतिथि ओ.पी. शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों—ओपीडी समय एक पाली करने, वेतन विसंगति, पदनाम परिवर्तन, समयमान वेतनमान, लंबित मेडिकल बिल और टी.ए. बिल आदि—पर शासन स्तर पर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। अंत में महेश चंद्राकर ने सभी अतिथियों और उपस्थित कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में आज एसआईआर पर होगी चर्चा



**सिलयारी।** रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं, सांसद-विधायकों, पूर्व विधायकों एवं सभी कार्यकर्ता साथियों से अपील की है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 9 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर 12 बजे पुराना कांग्रेस भवन, गांधी मैदान रायपुर में आयोजित जिला कार्यकारिणी की अति महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। 14 दिसम्बर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में रायपुर ग्रामीण जिला से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना। धान खरीदी केंद्रों पर कांग्रेस निगरानी समिति का गठन एवं उसकी जिम्मेदारियां तय करना। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी (SIR) से जुड़े वर्तमान मुद्दों पर रणनीति बनाना।श्री बंजारे ने कहां कि यह बैठक पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली की महारैली में छत्तीसगढ़ प्रदेश से भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। रायपुर ग्रामीण जिला भी पीछे नहीं रहेगा। साथ ही, किसानों के हित में धान खरीदी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए सभी साथियों से निवेदन है कि समय का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

## राजमिस्त्री कल्याण समिति के दिनेश साहू अध्यक्ष बने



**अभनपुर।** जय विश्वकर्मा राजमिस्त्री कल्याण समिति अभनपुर का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव मे सर्वसम्मति से दिनेश साहू को अध्यक्ष एवं शिव मेश्राम को सचिव पद के लिए चुना गया। दोनो निर्वाचित पदाधिकारियो को समिति मे उनके कार्यशैली,सरल स्वभाव व स्वच्छ छवि के लिए जाना जाता है जिसके चलते यह जिम्मेदारी दी गई है। उनके निर्वाचन पर समिति के सदस्य रामजी साहू,भूखन साहू,देवनारायण साहू,शेषनारायण साहू,रूपनारायण साहू,रोहित साहू,तुकाराम साहू,चुनुराम साहू सहित क्षेत्र के सभी ठेकेदारो ने बधाई दी है।

## नया श्रम कोड मजदूर विरोधी उद्योगपतियों को मिलेगा लाभ

**कूंरा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश साहू ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कोड पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि ये श्रम कानून साफ तौर पर मजदूर-विरोधी हैं और देश के श्रमिकों की सुरक्षा को कमजोर करते हैं। डॉ. साहू ने कहा कि नए श्रम कोड का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि नौकरी की सुरक्षा लगभग समाप्त हो गई है, खासकर छोटे और मझोले वर्ग के मजदूर आज पहले से अधिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थायी रोजगार की जगह ठेका और अस्थायी व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार पर भी कठोर और जटिल नियम लागू किए गए हैं, जिससे मजदूर अपनी आवाज़ उठाने में असमर्थ हो रहे हैं। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का सीधा हनन है। डॉ. साहू ने आगे कहा कि लॉन्ग सर्विस बोनस और अन्य श्रमिक लाभों को सीमित करना, उन मजदूरों के साथ अन्याय है जिन्होंने वर्षों तक उद्योगों में सेवा दी है। नए नियमों में लंबे समय तक काम करने वाले श्रमिक भी नुकसान में हैं।


।। धल्ले आवे नानका, सद्दे उठि जाए ।।

**अंतिम अरदास**



**स्व. प्रकाश कौर होरा**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती प्रकाश कौर होरा जी का स्वर्गवास दिनांक 3 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को हो गया है उनकी आत्मिक शांति हेतु श्री अखण्ड पाठ साहेब जी की समाप्ति एवं अंतिम अरदास दिनांक 9 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर

**12 बजे से 1:30 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा श्याम नगर रायपुर में होगी।**

(गुरू का लंगर 1:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)

**शोकाकुल परिवार**

स. दिलेर सिंह होरा, स. गुरूचरण सिंह होरा, स. प्रीतपाल सिंह होरा (पुत्र),
स. तरणजीत सिंह होरा, स. कमलजीत सिंह होरा, स. सरबजीत सिंह होरा (पौत्र)
स. मंजीत सिंह अरोरा, सं. रंजीत सिंह अरोरा (दोतरा) स. राजा शक्तिराज सिंह सचदेव, रायपुर
स. सतकिरत सिंह भसीन,कानपुर, स. हरमीत सिंह छाबड़ा, बिलासपुर, स. प्रतीक सिंह बग्गा, हैदराबाद
स. परमजीत सिंह उपवेजा, बिलासपुर (दामाद) एवं समस्त होरा परिवार ।

**फर्म**

1. ग्रैंड न्यूज, ग्रैंड विजन, ग्रैंड ब्रॉड बेंड, पगारिया कॉम्प्लेक्स,
2. ग्रैंड ग्रुप्स ऑफ होटल्स, व्ही आई पी रोड, रायपुर
3. सिमरन ग्रुप्स ऑफ मोटल्स स्टेशन रोड, रायपुर 4. सिमरन कंस्ट्रक्शन,
5. एम.एस.एम. एण्ड एस. एन. डी.बी. इस्पात–पॉवर प्राइवेट लिमिटेड,
6. होटल सिमरन इंटरनेशनल, 7. होटल सिमरन प्राइड 8. होटल सिमरन रिजेंसी
9. होटल सिमरन इन 10. सिमरन ग्रुप्स ऑफ होटल्स, पंडरी, रायपुर11. प्रकाश बिल्डकॉन, रायपुर

मो : 9425203464, 9630311111, 9301145000


## 1929 से बाराडेरा में गुरु अमर दास के नाम से दर्शन मेले का आयोजन किया

# तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेला जनवरी में सतनामी समाज ने तैयारी पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद



राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा तुलसी जहां संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र गुरु अमर दास के नाम से लगने वाले मेला जहां पूरे देश में बाराडेरा ही एकमात्र स्थल जहां गुरू घासीदास गुरू अमर दास और माता पातापुरहीन की गुरुद्वारा स्थित है। वही बाराडेरा का अपना अलग इतिहास है। जहां आसपास के बुजुर्ग और ग्रामीणों से चर्चा करने पर बताते हैं कि बाराडेरा में कई सालो से मवेशियों का बाजार लगता था। जहां दूर-दूर से किसान लोग खेती के लिए बैल मवेशी खरीदने बाराडेरा पहुंचते थे। जहां रविवार से ही मवेशियों को लेकर कोचिया और किसान बाजार पहुंच जाते है। जोकि मुख्य बाजार सोमवार को लगता था। बाराडेरा बाजार पहले काफी बड़े क्षेत्र में फैले हुए थे। जहां बाजार के किनारे में पौराणिक तालाब स्थित है। जो चारों तरफ आम के वृक्ष से घिरा हुआ था। जो शरणार्थियों के लिए काफी उपयुक्त स्थल माना जाते थे। जहां बाजार आने वाले लोग तालाब के किनारे में भोजन बनाया करते थे और वही रात्रि विश्राम भी करते थे। बाराडेरा 12 गांव के बीच से घिरा हुआ है ।

**गुरु की महिमा निराली**

क्षेत्र के बुजुर्ग लोग बताते हैं कि बाराडेरा में एक समय गुरु अमर दास जो कि गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र हैं। जो अपने परिवार के साथ क्षेत्र में रावटी लगाने के उद्देश्य से निकले थे। की उन्होंने देखा कि बाराडेरा में कई परिवार भोजन बनाने की अपने व्यवस्था कर रहे थे। इस बीच गुरु अमरदास ने अपने आध्यात्मिक शक्ति से ऐसी व्यवस्था स्थापित कर दिया कि कोई भी राहगीर तालाब के किनारे जाने पर उसे बर्तन मिल जाता था। तथा उसे तालाब के जल को आज भी दाद खाज खुजली फसलों में कीटनाशक के उपचार के लिए समाज लोग इस्तेमाल करते हैं । तथा आसपास में सतनाम भजन नामायण करने पर तालाब के जल लेकर जाते। बाबा जी की इसी महिमा को देखते हुए बाराडेरा में आसपास के 12 गांव जिसमें तुलसी, बहना काडी ,धनसुली, पिरदा सेरीखेरी, जोरा, सकरी, कुरूद, दरबा, बकतरा, नरदहा, मंदिर हसौद, और कई गांव के सहयोग से बाराडेरा में जोड़ा जैतखाम और गुरु अमरदास माता पातापुरहीन के नाम से गुरुद्वारा स्थापित किया ।

1929 से बाराडेरा में गुरु अमर दास के नाम से दर्शन मेला का शुभारंभ किया गया। जो छेरछेरा पुन्नी में 3 दिवसीय लगने वाले गुरू दर्शन मेला को लेकर 8 दिसंबर को गुरुद्वारा परिसर में गुरु अमर दास संत संघ समिति द्वारा बैठक आयोजित किया । जिसमें मेला पंथी, मंगल भजन चौक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारे की व्यवस्था पर चर्चा करने की हुई।


समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.

**:: शपथपत्र ::**

मै धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, (**DHARMENDRA KUMAR VERMA**) पिता श्री संतराम वर्मा, निवासी- सी 02, पुलिस कॉलोनी, आमासिवनी, विधानसभा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम धर्मेन्द्र वर्मा अंकित है तथा मेरे अन्य समस्त दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं सर्विस रिकार्ड के दस्तावेजो में मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार वर्मा अंकित है।
3. यह कि उक्त दोनो नाम मेरा ही एक ही व्यक्ति का नाम है।
4. यह कि मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजो में मेरा सही एवं वास्तविक नाम धर्मेन्द्र कुमार वर्मा (**DHARMENDRA KUMAR VERMA**) ही अंकित किया जावे। तथा मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढा जावे।.
5. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रहा हू। **शपथकर्ता**

**सत्यापन:-** मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 08.08.2025 **शपथकर्ता**



**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू निवासी 54/1451, तरुण नगर डंगनिया रायपुर 492013 छ.ग. यह शपथ करती हूँ कि मैने अपना पुराना नाम योगिता को त्याग कर नया नाम योगिता साहू रखती हूं।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू से ही जाना लिखा जावे तथा मुझे नये नाम योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू के नाम से जाना, पहचाना जावे।

**योगिता साहू**
**निवासी 54/1451, तरुण नगर डंगनिया रायपुर 492013 छ.ग.**


## प्राचार्या डा. लता चंद्राकर ने किया कार्यभार ग्रहण



**आरंग।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल फरफौद में नए प्राचार्य डॉ लता चंद्राकर के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर उपस्थित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्टाफ के द्वारा पुष्प गुच्छ से उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्राकर मेडम ने सब का परिचय लेते हुए कहा कि आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ शासन की मंशा के अनुसार हमको विद्यार्थियों के शिक्षा गुणवत्ता स्तर बढ़ाने के लिए संकल्पित होना है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रफुल्ल मांझी ने भी संकुल अंतर्गत चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुवे सबको प्रेरित किया तथा शिक्षा जगत से पवन कुमार ध्रुव, मनीराम ध्रुव, रामनाथ साहू, राकेश चंद्राकर, अशोक गिलहरे, कमलेश माखीजा, धनीराम साहू, घनश्याम लहरी ,लोकेश ध्रुव, विष्णु प्रसाद चंद्राकर, अमित भारती आदि की उपस्थिति रही।

# ब्लॉक हुए राशनकार्ड सदस्यों को ई-केवायसी कराने के बाद मिलेगा राशन, एक दिन में 4 हजार से ज्यादा सदस्यों ने कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में ई-केवायसी नहीं कराने वाले लगभग 30 लाख राशन कार्ड सदस्यों के नाम ऑनलाइन ब्लॉक हो गए हैं। इसके बाद से इन सदस्यों को उचित मूल्य दुकानों में राशन मिलना भी बंद हो गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन सदस्यों के नाम ब्लॉक हुए हैं, उन्हें राशन तभी मिल पाएगा, जब वे ई-केवायसी कराएंगे।

केवायसी कराए बिना ब्लॉक हुए सदस्यों को उनके कोटे का राशन नहीं मिलेगा। इधर केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम ब्लॉक होते ही कई कार्ड धारकों एवं सदस्यों में हड़कंप मच गया है। कई लोग अब केवायसी


ई-केवाइसी नहीं कराने वाले 30 लाख से ज्यादा सदस्यों के नाम हुए ब्लॉक, राशन मिलना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

10 अक्टूबर की स्थिति में प्रदेश में 3316778 ने नहीं कराया था केवाइसी

मृत्यु और अन्य कारणों से काटे गए दस लाख सदस्यों के नाम

25 अक्टूबर के बाद नहीं बढ़ी तारीख

नाम ब्लॉक कर दिए गए

- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

कराने तथा जानकारी लेने के लिए उचित मूल्य की दुकानों से लेकर खाद्य विभाग कार्यालय में पहुंचने लगे हैं। सोमवार को खाद्य विभाग में ऐसे कई कार्ड धारक एवं सदस्य पहुंचे थे, जिनके नाम केवायसी नहीं कराने के कारण ब्लॉक हो गए हैं।

### रायपुर जिले में एक दिन में 4700 सदस्यों ने कराया केवायसी

नाम ब्लॉक होने के बाद केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों में हड़कंप मचा हुआ है। यही कारण है कि अब ऐसे सदस्यों ने केवायसी कराना शुरू कर दिया है। रायपुर जिले में लगभग 3 लाख सदस्यों ने केवायसी नहीं कराया है, जिनके नाम ब्लॉक हो गए हैं। विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार इनमें से 4700 सदस्यों ने एक ही दिन में यानी सोमवार को अपना केवायसी कराया है। अधिकारी ने बताया कि नाम ब्लॉक होते ही सदस्य अब केवायसी कराने पहुंच रहे हैं।

### केवायसी कराया तो भी चालू माह में नहीं मिलेगा राशन

विभागीय सूत्रों के अनुसार दिसंबर शुरू होने से पहले ही केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम ऑनलाइन साफ्टवेयर में ब्लॉक हो गए हैं। इस कारण दिसंबर में सभी जिलों के उचित मूल्य की दुकानों के लिए जो खाद्यान्न आवंटित हुआ है, वह ब्लॉक हुए सदस्यों के कोटा को छोड़कर हुआ है। यानी विभाग ने ब्लॉक हुए सदस्यों के कोटे के हिस्से का खाद्यान्न आवंटन नहीं किया है। इस कारण से चालू माह में अगर कोई सदस्य केवायसी कराता भी है, तो चालू महीने के कोटे का राशन उसे नहीं मिलेगा, क्योंकि आवंटन की प्रक्रिया महीना शुरू होने से पहले की जाती है।

### घर बैठे केवायसी की सुविधा

खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिन सदस्यों के नाम ब्लॉक हुए हैं, ऐसे लोग केवायसी करा सकते हैं। केवायसी राशन दुकान में जाकर या घर बैठे भी किया जा सकता है। घर पर केवायसी मेरा केवायसी एप या आधार फेसआइडी से किया जा सकता है। इसके लिए एप में जाकर आधार नंबर सहित अन्य विवरण देना होगा। इसके बाद आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। इस प्रकार फेसआरडी एप में सदस्य का चेहरा स्कैन होते ही ओटीपी नंबर आएगा। इसे सबमिट करते ही केवायसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### केवायसी बंद नहीं हुआ है

ई-केवायसी की प्रक्रिया बंद नहीं हुई है। केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम ब्लॉक हुए हैं, जिसके कारण राशन दुकानों में राशन नहीं मिल पाएगा, लेकिन केवायसी कराने के बाद राशन मिलना पुनः शुरू हो जाएगा।

- भूपेंद्र मिश्र,
खाद्य नियंत्रक रायपुर

## खबर संक्षेप

### नहीं रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष धुप्पड़

रायपुर। कांग्रेस से विगत पांच दशक से जुड़े रहे वरिष्ठ नेता सुभाष धुप्पड़ का मुंबई में निधन हो गया।



श्री धुप्पड़ कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका मुंबई में इलाज चल रहा था। धुप्पड़ परिवार के करीबियों के अनुसार मुंबई से मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर रायपुर लाया जाएगा। इसी दिन उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 2018 में रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बनाए गए थे। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी में प्रदेश स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### छत्तीसगढ़ को मिले तीन नए आईएएस

रायपुर। केंद्रीय कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणामों के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुने गए उम्मीदवारों को कैडर आवंटित कर दिया है। जिन तीन आईएएस को छत्तीसगढ़ कैडर दिया गया है, उनमें तमिलनाडु के गोकुल आरके, तेलंगाना के वाध्यता यशवनाथ एवं यूपी के इशांत जैसवाल शामिल हैं। कैडर आवंटन सूची के अनुसार, छत्तीसगढ़ को कुल तीन नए आईएएस अधिकारी मिले हैं। यूपीएससी 2024 में 65वां रैंक प्राप्त करने वाली आईपीएस अधिकारी पूर्वा अग्रवाल को झारखंड कैडर मिला है। पूर्वा अग्रवाल मूल रूप से छत्तीसगढ़ कैडर की आईपीएस अधिकारी रह चुकी हैं। पुष्कर शर्मा प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे छत्तीसगढ़ कैडर के 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी पुष्कर शर्मा को इंटेलिजेंस ब्यूरो में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से रिलीव कर दिया है।

### मुख्य सचिव आगामी बजट के नवीन प्रस्ताव पर आज करेंगे अफसरों से चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन अब अफसरों से बजट और उसके खर्च का हिसाब किताब लेने जा रही है। मुख्य सचिव विकास शील सभी विभागाध्यक्ष, सचिव, कमिश्नर और एमडी की 9 दिसंबर को बैठक लेंगे। बैठक के साथ ही वर्ष 2025-26 का बजट बनाने की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभागीय सचिव द्वारा अपने विभागों के लिए नवीन मद प्रस्तावों की समीक्षा की जाएगी। विभागों के भेजे प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी।

लाखों-करोड़ों की किताबें महिला एवं बाल विकास विभाग के रायपुर कार्यालय में धूल खा रहीं

# साल खत्म होने को, आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बंट नहीं पाई बच्चों की गतिविधियों की किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में जिन गधिविधियों की पुस्तकों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा गर्भवती महिलाओं को मजबूत करने तथा स्वस्थ रखने के लिए ज्ञान दिया जाता है, वही पुस्तकें दिसंबर में अब तक कई जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में बंट नहीं पाई हैं। इसके कारण इन पुस्तकों का उपयोग भी नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि प्रदेशभर के कई जिलों की पुस्तकें थोक में महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के कार्यालय में पिछले कई हफ्तों से धूल खा रही हैं। इन पुस्तकों को सभी जिलों में भेजने के लिए अब तक व्यवस्था नहीं की जा सकी है। इधर इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर का कहना है कि रायपुर के सभी केंद्रों में पुस्तकों का वितरण कर दिया गया है, जो कार्यालय में रखी हैं, वे दूसरे जिलों की हैं।



### जुलाई में वर्कआर्डर, अक्टूबर तक छपाई, वितरण अब तक नहीं

महिला एवं बाल विकास विभाग संचानालय के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियों से संबंधित किताबें की छपाई का वर्क ऑर्डर जुलाई 2025 में जारी हुआ है। यह ऑर्डर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी हुआ है। वर्कऑर्डर के बाद किताबों की छपाई में एक-दो माह लग गए। इसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण का काम अब शुरू हो पाया है। इस अधिकारी का यह भी कहना है कि साल खत्म होने में दिसंबर मिलाकर कुल साढ़े तीन माह का समय बचा हुआ है। यह किताबें स्कूल शिक्षा सत्र की तरह नहीं हैं, जिन्हें समय-सीमा के अंदर बच्चों को पढ़ाया जाना है। उन्होंने कहा कि किताबों की छपाई और वितरण में विलंब जरूर हुआ है, लेकिन इसके लिए अधिकारी जिम्मेदार नहीं हैं। उनका कहना है कि किताबों की छपाई की स्वीकृति ही विलंब से मिली है। स्वीकृति विलंब से मिलने के बाद वर्कआर्डर और छपाई भी विलंब से हुई है।

### किताबों की छपाई में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च

महिला एवं बाल कल्याण रायपुर कार्यालय में डंप पड़ी किताबों में 4-5 वर्ष के बच्चों के लिए गतिविधि पुस्तिका, इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में ज्ञानवर्धक बातें बताई एवं सिखाई जाती हैं। आधार शिला पुस्तक जो 3 से 6 वर्ष तक बच्चों के लिए है, इस पुस्तक में खेल आधारित गतिविधियों का संग्रह है। हमर स्वस्थ लइका पुस्तक गंभीर कुपोषित बच्चों का सामुदायिक प्रबंधन कार्यक्रम से संबंधित है। इस तरह इन गतिविधियों की किताबों की छपाई में विभाग ने लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किया है। इसके बाद भी इन किताबों को आंगनबाड़ी केंद्रों में तक पहुंचाने में लापरवाही बरती जा रही है।

### किन-किन जिलों की किताबें डंप इसकी जानकारी देने से बच रहे अधिकारी

रायपुर कार्यालय में डंप किताबों को अब तक दूसरे जिलों में क्यों भेजा नहीं गया है, इन किताबों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए छपाई गई हैं, लेकिन वर्क आर्डर जारी करने और छपाई में देरी क्यों हुई तथा अब तक इन किताबों को दूसरे कौन-कौन से जिलों में भेजा नहीं गया, इन सारे सवालों का खुलकर जवाब देने से विभाग के अधिकारी भी बच रहे हैं।

# शहर जिला कांग्रेस ने दिल्ली कूच करने पर बनाई रणनीति

रूट तय कर 14 दिसंबर को सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन की उपस्थिति में शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, महामंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर को लेकर होने वाले बड़े प्रदर्शन में शहर कांग्रेस की सहभागिता, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा दिल्ली पहुंचने की रूपरेखा पर विस्तार से विचार किया गया। सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। दिल्ली यात्रा का रूट प्लान अभी कांग्रेस ने तय नहीं किया है। जिले से 100 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे। दिल्ली जाने सड़क, रेल और वायुसेवा का सहारा लिए जाने पर विचार किया गया। दिल्ली में एकत्रित होने को लेकर अभी से जिले की सूची तैयार की जाने लगी है। बैठक के बाद अब शहर अध्यक्ष कल पार्षदों और पूर्व पार्षदों की बैठक लेंगे। वहीं वार्ड और संगठन से जुड़े लोगों की बैठक 10 दिसंबर को लेंगे। बैठक में संगठन से जुड़े मामले और आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की जाएगी।

### सड़क मार्ग से जाने में खतरा

सूत्रों के अनुसार दिल्ली में 14 दिसंबर को एसआईआर को लेकर होने वाले प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने सड़क मार्ग से जाने का प्लान भी तैयार किया है। सड़क मार्ग से यहां से दिल्ली जाने पर उन्हें एमपी, महाराष्ट्र, राजस्थान और अंत में दिल्ली सीमा से होकर गुजरना पड़ेगा। यहां पर भाजपा की सरकार है। ऐसे में बस से जाने में उन्हें कहीं भी रोके जाने का खतरा है। ऐसे में वे दिल्ली पहुंचने में कामयाब नहीं हो पाएंगे। अतः सड़क मार्ग से जाने में खतरा है।

### एसआईआर पर मजबूती से लड़ेंगे

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी संगठन की ओर से आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए इसे सरकार की जनविरोधी नीतियों का हिस्सा बताया तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से लड़ाई लड़ने का संकल्प दोहराया।

# भूपेश बोले- बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों को सुधारे बिना नहीं बनेगा काम

### गाइडलाइन के कुछ प्रावधानों को वापस लेने को बताया सतही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइड लाइन दरों का प्रदेशभर में विरोध के बाद आज सरकार ने संशोधित गाइड लाइन जारी की है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर निशाना साधा है। बघेल ने ट्विट कर कहा, गाइडलाइन दरों में अभी सुधार कहां हुआ? जब तक अनाप-शनाप बढ़ाई गई गाइड लाइन दरों को नहीं सुधारा जाएगा, काम नहीं बनेगा। भूपेश बघेल ने कहा, यह सुधार सतही है और जनता को बहुत कम राहत देने वाला है।



दरअसल अभी गाइड लाइन की दरों में सुधार नहीं हुआ है। बस एक जबरदस्ती थोपे गए नियम को वापस लिया गया है। थोड़े बहुत और परिवर्तन हुए हैं, वे बहुत असरकारी नहीं हैं। जब तक अनाप शनाप बढ़ाई गई गाइड लाइन दरों को नहीं सुधारा जाएगा, काम नहीं बनेगा। जनता पर प्रॉपर्टी टैक्स का जो बोझ आने वाला है, वह तो अभी बरकरार दिखता है। सरकार को और संशोधन करना पड़ेगा और वह मजबूर होकर करेगी, लिखकर रखिए।

### बिना दावा-आपत्ति अवैध तरीके से सरकार ने लागू की गाइडलाइन



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जमीन की गाइड लाइन की दरों पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी और सरकार जनता से एक बार फिर झूठ बोल रही है। खुली जमीनों, प्लाटों और किसानों के खेतों के संबंध में जो बेतहाशा बढ़ोतरी की गयी है, सरकार ने न उसमें कोई कटौती की है और न ही उसको स्थगित किया है, मतबल गाइ डलाइन की बढ़ी दर यथावत रहेंगी। उन्होंने कहा, सरकार ने जमीन गाइड लाइन की दरों को बिना जिला मूल्यांकन समिति से प्रस्ताव लिये और बिना दावा आपत्ति कराये अवैधानिक तरीके से लागू किया था तथा बढ़ी दरों का अनुमोदन केन्द्रीय मूल्यांकन समिति से भी नहीं लिया था। वर्तमान आदेश में सरकार ने सिर्फ अपनी गलती को सुधारने का काम किया है। सरकार बताये 20 नवंबर जब से नई गाइड लाइन लागू की गयी थी, उसके बाद से अभी तक हुई रजिस्ट्री के स्टांप ड्यूटी का क्या होगा? सरकार स्पष्ट करे कि 31 दिसंबर तक जब तक दावा आपत्ति मंगाई गई है, तब तक बढ़ी दरें लागू होंगी या वह गाइड लाइन स्थगित रहेगी? 31 दिसंबर तक होने वाली रजिस्ट्री पर कौन सी दर लागू होगी, सरकार स्पष्ट करे।

### अधिकतर क्षेत्रों में बढ़े रेट यथावत

उन्होंने कहा, सिर्फ बड़े बिल्डरों हो राहत देने के लिये बहुमंजिलों, भवनों के फ्लैट, दुकानों की गणना में सुधार किया गया है तथा सम्पूर्ण एफआईआर की गणना को तल के आधार पर 20 प्रतिशत कम करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने बढ़ी हुई जमीन की दरों में कहीं पर कोई कमी नहीं की है।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.

:: शपथपत्र ::

मै धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, (DHARMENDRA KUMAR VERMA) पिता श्री संतराम वर्मा, निवासी- सी 02, पुलिस कॉलोनी, आमासिवनी, विधानसभा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम धर्मेन्द्र वर्मा अंकित है तथा मेरे अन्य समस्त दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं सर्विस रिकार्ड के दस्तावेजो में मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार वर्मा अंकित है।
3. यह कि उक्त दोनो नाम मेरा ही एक ही व्यक्ति का नाम है।
4. यह कि मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजो में मेरा सही एवं वास्तविक नाम धर्मेन्द्र कुमार वर्मा (DHARMENDRA KUMAR VERMA) ही अंकित किया जावे। तथा मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढा जावे।.
5. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रहा हू। शपथकर्ता

सत्यापन:- मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 08.08.2025 शपथकर्ता

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू निवासी 54/1451, तरुण नगर डंगनिया रायपुर 492013 छ.ग. यह शपथ करती हूँ कि मैने अपना पुराना नाम योगिता को त्याग कर नया नाम योगिता साहू रखती हूं।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू से ही जाना लिखा जावे तथा मुझे नये नाम योगिता साहू पति वोमेश कुमार साहू के नाम से जाना, पहचाना जावे।

योगिता साहू
निवासी 54/1451, तरुण नगर डंगनिया रायपुर 492013 छ.ग.

# प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में रायपुर अव्वल, 21313 महिलाएं लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के क्रियान्वयन में रायपुर जिला प्रदेश में सबसे आगे है। जिले में इस वर्ष 21 हजार 313 शिशुवती महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है।

मां बनना हर स्त्री के जीवन का सबसे सुखद क्षण माना जाता है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान शारीरिक चुनौतियां और आर्थिक दबाव अक्सर उनके स्वास्थ्य व पोषण पर असर डालते हैं। इसी महत्वपूर्ण परिस्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना शुरू की है, जो महिलाओं के लिए मजबूती का आधार साबित हो रही है। पहले बच्चे पर 5 हजार, दूसरे बच्चे पर 6 हजार की सहायता राशि इस योजना के तहत पहले बच्चे पर 5 हजार रुपए तथा दूसरे बच्चे के रूप में बेटी होने पर 6 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस योजना के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16822 के लक्ष्य के विरुद्ध 15741 शिशुवती महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। योजना से लाभान्वित हुई आमानाका रायपुर निवासी चांदनी कौर ने बताया कि उसकी पहली बेटी के जन्म पर 5 हजार रुपए तीन किस्त में मिले थे, वहीं दूसरी बेटी होने पर 6 हजार रुपए की राशि मिली है। उल्लेखनीय है कि इस योजना का उद्देश्य माताओं को पोषण, आराम और सुरक्षित मातृत्व उपलब्ध कराना है। राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित हो सके।

।। धल्ले आवे नानका, सद्दे उठि जाए ।।

अंतिम अरदास



स्व. प्रकाश कौर होरा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती प्रकाश कौर होरा जी का स्वर्गवास दिनांक 3 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को हो गया है उनकी आत्मिक शांति हेतु श्री अखण्ड पाठ साहेब जी की समाप्ति एवं अंतिम अरदास दिनांक 9 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर

12 बजे से 1:30 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास
श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा श्याम नगर रायपुर में होगी।
(गुरु का लंगर 1:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)

शोकाकुल परिवार

स. दिलेर सिंह होरा, स. गुरुचरण सिंह होरा, स. प्रीतपाल सिंह होरा (पुत्र),
स. तरणजीत सिंह होरा, स. कमलजीत सिंह होरा, स. सरबजीत सिंह होरा (पौत्र)
स. मंजीत सिंह अरोरा, सं. रंजीत सिंह अरोरा (दोतरा) स. राजा शक्तिराज सिंह सचदेव, रायपुर
स. सतकिरत सिंह भसीन,कानपुर, स. हरमीत सिंह छाबड़ा, बिलासपुर, स. प्रतीक सिंह बग्गा, हैदराबाद
स. परमजीत सिंह उपवेजा, बिलासपुर (दामाद) एवं समस्त होरा परिवार ।

फर्म

1. ग्रैंड न्यूज, ग्रैंड विजन, ग्रैंड ब्रॉड बैंड, पगारिया कॉम्प्लेक्स,
2. ग्रैंड ग्रुप्स ऑफ होटल्स, व्ही आई पी रोड, रायपुर
3. सिमरन ग्रुप्स ऑफ मोटल्स स्टेशन रोड, रायपुर 4. सिमरन कंस्ट्रक्शन,
5. एम.एस.एम. एण्ड एस. एन. डी.बी. इस्पात–पॉवर प्राइवेट लिमिटेड,
6. होटल सिमरन इंटरनेशनल, 7. होटल सिमरन प्राइड 8. होटल सिमरन रिजेंसी
9. होटल सिमरन इन 10. सिमरन ग्रुप्स ऑफ होटल्स, पंडरी, रायपुर11. प्रकाश बिल्डकॉन, रायपुर

मो : 9425203464, 9630311111, 9301145000

CREDAI CHHATTISGARH

# जन हितैषी छत्तीसगढ़ सरकार का आभार धन्यवाद







**श्री विष्णुदेव साय जी**
मानननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री ओ.पी. चौधरी जी**
माननीय मंत्री - आवास एवं पर्यावरण, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी

**जमीनों की गाईडलाईन दरों में संशोधन कर जनता के हित में बड़ा निर्णय लेने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं माननीय वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी का हृदय से आभार.**

**सरकार का यह निर्णय आम लोगों और रियल एस्टेट कारोबार के लिए सकारात्मक बदलाव लाएगा**

**पुनः धन्यवाद**



CREDAI CHHATTISGARH

| पंकज लाहोटी | मृणाल गोलछा | अभिषेक बच्छावत |
|---|---|---|
| प्रेसिडेंट | चेयरमेन | सेक्रेटरी एवं प्रेसिडेंट इलेक्ट |

MAHESHWARI

## निधन

### कृष्णा शुक्ला



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी कृष्णा शुक्ला का 8 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीष शुक्ला की माता और आशीष, शिरीष व विनायक अवस्थी की बुआ थीं।

### रामकुंवर देवांगन



रायपुर। गुढ़ियारी निवासी रामकुंवर देवांगन का 8 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से पहाड़ी चौक गुढ़ियारी कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे भागीरथी देवांगन और गोविंद देवांगन की माता थीं।

### लालचंद कुकरेजा



रायपुर। तेलीबांधा निवासी लालचंद कुकरेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश, मनीष कुकरेजा के पिता थे।

### कैलाश कुमार श्रीवास



रायपुर। बांसटाल निवासी कैलाश कुमार श्रीवास (79) का 8 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 दिसंबर को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अधिवक्ता प्रभात श्रीवास और संध्या श्रीवास के पिता थे।

### प्रकाश आयलानी



रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी प्रकाश आयलानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गुरमुखदास आयलानी के पुत्र और रवि, सुनील, कपिल, देवेश आयलानी के भाई थे।

# उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य धीमा, महापौर नाराज, कहा- डेढ़ माह में काम पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को स्वामी आत्मानंद सरोवर में उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य के अनुबंधित ठेकेदार प्रवीण जैन और रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य के अनुबंधित ठेकेदार कन्हैया गुप्ता को काम की धीमी गति को लेकर फटकार लगाई।

डेढ़ माह के भीतर उन्होंने बकाया विकास कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जोन 7 के कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे ने बताया कि 40 फीसदी विकास कार्य अब तक स्थल पर किए गए हैं, जबकि 60 फीसदी काम करना बकाया है। समयसीमा पूरी हो चुकी है, इसे लेकर अनुबंधित ठेकेदारों को अंतिम नोटिस दिया गया है।

- स्वामी आत्मानंद सरोवर करबला तालाब में विकास कार्यों का महापौर ने किया औचक निरीक्षण
- समय सीमा पूर्ण, 60 फीसदी कार्य बकाया



### बिना स्थल निरीक्षण के नहीं होगा भुगतान

नगर निगम जोन 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड क्षेत्र स्थित स्वामी आत्मानंद सरोवर में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 1 करोड़ रुपए की लागत से उद्यान सौंदर्यीकरण और 1 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है, पर निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है। स्थल निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर मीनल चौबे ने विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार को लेकर नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने स्थल पर मौजूद निगम मुख्यालय के अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा और कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे को स्वामी आत्मानंद सरोवर में चल रहे विकास कार्यों की नियमित मानिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने के निर्देश दिए। महापौर मीनल चौबे ने निगम के अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी है कि बिना स्थल निरीक्षण के किसी भी कार्य का भुगतान नहीं किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, जोन 7 के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिक्षा विभाग के संशोधित नियम के खिलाफ न्यायालय जाने की तैयारी

# जूनियर डाक्टरों ने खोला मोर्चा, काली पट्टी लगाकर काम के बाद प्रदर्शन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए संस्थागत आरक्षण में कटौती किए जाने से नाराज जूनियर डाक्टरों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को काली पट्टी लगाकर मरीजों की जांच के बाद रायपुर समेत तमाम शासकीय मेडिकल कालेजों में प्रदर्शन किया गया। आरोप लगाया गया है कि संशोधित नियम में स्थानीय छात्रों का आईपी कोटा 25 फीसदी कर 75 फीसदी सीट ओपन मेरिट के आधार पर बाहरी छात्रों को दिए जाने की तैयारी की जा रही है। इस नियम के खिलाफ जूनियर डाक्टर न्यायालय जाने की तैयारी में हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमडी-एमएस प्रवेश के लिए संशोधित नियम जारी किया था। इसमें ऑल इंडिया कोटा हटाने के बाद बची 50 फीसदी सीटों में 25 प्रतिशत संस्थागत आरक्षण और 25 प्रतिशत ओपन मेरिट के लिए तय किया था। पूर्व में राज्य कोटे की 50 फीसदी सीट संस्थागत आरक्षण के आधार पर आवंटित की जाती थी। स्थानीय छात्रों की सीटों में की गई कटौती के खिलाफ जूनियर डाक्टर लामबंद हो गए हैं और विभिन्न चिकित्सा संगठनों के बैनर तले इसका विरोध प्रदर्शन शुरु हो गया है। सोमवार को रायपुर समते राज्य के तमाम शासकीय मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने कालीपट्टी लगाकर अपना विरोध जताया। इसके बाद शाम होते ही कालेज परिसर के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी आपत्ति प्रकट की। उनका आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा डोमिसाइल आधार आरक्षण पर दिए गए हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या करते हुए नियम तैयार किया है। इससे स्थानीय छात्रों के साथ स्वास्थ्य विभाग को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। बाहरी संस्थानों से आने वाले डाक्टर पढ़ाई कर वापस लौट जाएंगे जिसका बांड ड्युटी के नियम पर असर होगा। इसके खिलाफ चिकित्सा छात्र न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में हैं।





### प्रवेश का पुराना और नया नियम

**पुराना नियम :** शासकीय कालेजों की कुल सीटों का 50 फीसदी हिस्सा ऑल इंडिया कोटे से आवंटित। 50 प्रतिशत सीटों में संस्थागत आरक्षण यानी स्थानीय चिकित्सा महाविद्यालयों से पढ़ाई करने वालों को प्रवेश में प्राथमिकता। निजी मेडिकल कालेजों की कुल सीटों का 15 प्रतिशत एनआरआई कोटे में और 85 फीसदी सीटें राज्य कोटे से आवंटित होती थी।

**नया नियम :** शासकीय कालेजों की 50 फीसदी सीट ऑल इंडिया कोटे से आवंटित। शेष बची निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की 50 प्रतिशत सीटों में से 25 प्रतिशत में संस्थागत आरक्षण का लाभ और शेष 25 प्रतिशत में प्रवेश ओपन मेरिट के आधार पर। इस तरह बाहरी चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस छात्रों को कुल 75 फीसदी सीट पर प्रवेश का मौका मिलेगा।

### पुराना नियम लागू हो, मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह एवं छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष हीरा सिंह लोधी ने मांग की है कि इस नए नियम से स्थानीय छात्रों का अहित हो रहा है, इसलिए आईपी कोटा को पुनः 50 प्रतिशत किया जाए। स्थानीय एमबीबीएस ग्रेजुएट्स के हितों को सुरक्षित करने हेतु स्थायी नीति ढांचा तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में समान परिस्थिति में अपना 50 प्रतिशत आईपी मॉडल बनाए रखे हुए हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ का निर्णय आवश्यक नहीं है। यह नियम मनमाना, असंगत और छात्रों के भविष्य के लिए हानिकारक है।

### मेडिकल पीजी में राज्य का कोटा कम करने को कांग्रेस ने बताया गलत

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल कॉलेज से पास किए हुए एमबीबीएस छात्रों के लिए पीजी सीट का कोटा पहले तक 50 प्रतिशत होता था। साय सरकार ने इसमें कमी कर दी। वर्तमान में राज्य सरकार के राजपत्र में प्रकाशित नए नियम के अनुसार यह घटकर 25 प्रतिशत ही रह जाएगा। उन्होंने कहा, नियमानुसार सभी राज्यों में 50 प्रतिशत आवश्यक रूप से अखिल भारतीय स्तर की पीजी सीटों का कोटा होता है। शेष 50 प्रतिशत राज्य सरकार अपने मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों की पीजी सीटों के लिए सुरक्षित रखती है। साय सरकार इस नये फैसले से प्रदेश के उन छात्रो को नुकसान हो गया, जो अपने ही राज्य में एमबीबीएस के बाद पीजी करना चाहते है। अब छत्तीसगढ़ के छात्रों को 50 प्रतिशत बजाय मात्र 25 प्रतिशत ही मिलेगा तथा केन्द्र का कोटा 50 से बढ़ाकर 75 हो गया। उन्होंने कहा, इस प्रकार की व्यवस्था किसी राज्य में नहीं है कि वहां पर राज्य का कोटा 25 हो तथा केन्द्र का 75 प्रतिशत हो। भाजपा सरकार का यह निर्णय छत्तीसगढ़ विरोधी है। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है।

# देशभर के भ्रमण में निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा आज रायपुर में करेगी भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- उप मुख्यमंत्री अरुण साव मरीन ड्राइव तेलीबांधा से झंडी दिखाकर करेंगे शुभारंभ

स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय व्यापार के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ देशभर के भ्रमण में निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा मंगलवार को राजधानी रायपुर में भ्रमण करेगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मरीन ड्राइव तेलीबांधा से झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगे। यह यात्रा रायपुर के प्रमुख व्यापारिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जिससे स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों और देशभर के स्वदेशी उत्पादो को नई ऊर्जा मिलेगी।

वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों के प्रचार और प्रसार तथा छोटे व्यापारियों को समृद्ध बनाने और आत्मनिर्भर भारत के कंसेप्ट के साथ स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। 9 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, उत्तर क्षेत्र विधायक पुरन्द्र मिश्रा, रायपुर ग्रामीण क्षेत्र विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौर, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू,छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव , अपेक्स बैक अध्यक्ष केदार गुप्ता, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महास्के , छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहेंगे।

### स्वदेशी संकल्प यात्रा का रायपुर भ्रमण मार्ग इस प्रकार

तेलीबांधा,कैनाल रोड, शंकर नगर टर्निंग पॉइंट ,लोधीपारा चौक ,पंडरी कपड़ा मार्केट,लाल चौक करसन चैम्बर फाफाडीह, नहरपारा,स्टेशन रोड,राठौर चौक, रामसागर पारा, तात्यापारा चौक,सत्ती बाजार चौक, सदर बाजार, कोतवाली चौक, निगम मुख्यालय। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने राजधानी के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से अपील की है कि अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में रॉयल डिज्नीलैंड मेला शुरू अक्षरधाम मंदिर बना मुख्य आकर्षण




रायपुर। रावणभाठा मैदान में आयोजित रॉयल डिज्नीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ हो चुका है। मेले का मुख्य आकर्षण अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बना विशाल मॉडल है, जो दर्शकों को आस्था और कला का अद्भुत अनुभव कराता है। मेले का उद्घाटन राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने किया। मेले का रोमांचक हिस्सा है जुरासिक पार्क, जहां डायनासोर की रोबोटिक प्रदर्शनी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही है। 220 फुट चौड़ा रॉयल एंट्री गेट और 90 फुट ऊंचे आकाश झूले मनोरंजन को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। जलपरी और भूत बंगले के आकर्षण भी मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। साथ ही खाने-पीने के स्टॉल, शॉपिंग जोन और सुरक्षित वातावरण ने परिवारों और युवाओं के लिए मेला और भी मनोरंजक बना दिया है। आयोजकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।

### अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टिट्यूट ने आयोजित किया प्रदेश का सबसे बड़ा कैंसर सम्मेलन



रायपुर। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट रायपुर ने छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे व्यापक ऑन्कोलॉजी सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें प्रदेशभर से 100 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी में हालिया प्रगति साझा करना और आधुनिक, साक्ष्य-आधारित उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में थायरॉइड और फेफड़ों के कैंसर के उन्नत प्रबंधन पर विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनका संचालन क्रमशः डॉ. सौरभ जैन और डॉ. सुशील कुमार येशाला ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. विवेक चौधरी सहित कई वरिष्ठ विशेषज्ञों ने की। अपने संबोधन में डॉ. चौधरी ने कहा कि उत्कृष्ट कैंसर उपचार के लिए बहु-विषयक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में एओआई रायपुर के प्रमुख विशेषज्ञों तथा राज्यभर से आए वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्टों ने भाग लेकर वैज्ञानिक चर्चाओं को समृद्ध बनाया। आयोजन को सफल बनाने में नागेश शिंदे और जयनाथ रॉय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस



रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में 'बैंकेबिलिटीज दिव्यांगजन की क्षमताओं पर विश्वास' थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस-2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दिव्यांग कर्मचारियों और समाज में समावेशन, समान अवसर और जागरूकता बढ़ाने का संदेश देता है। कार्यक्रम में 2325 से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों के योगदान को सराहा गया। कार्यपालक निदेशक बीना वाहिद ने कहा कि बैंक समान अवसर, सहायक तकनीक और सुलभ कार्यस्थल प्रदान करके समावेशी वातावरण सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में कर्मचारियों द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई, प्रेरक दिव्यांग व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

### श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. (डॉ.) सौरभ कुमार चतुर्वेदी, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, खेल निदेशक डॉ. सुमित तिवारी तथा विभागाध्यक्ष डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, एकता और नेतृत्व कौशल का विकास भी करते हैं। प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय के छात्रों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राध्यापकों का सहयोग सराहनीय रहा, जिसने विश्वविद्यालय में शिक्षा और खेल के संतुलन को सुदृढ़ किया।




# जलने से एक व्यक्ति की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- घर में पति-पत्नी अकेले रहते थे
- डीडीनगर थाना क्षेत्र की घटना

डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की आग से बुरी तरह झुलसने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक निःसंतान था। महादेव घाट विसर्जन कुंड स्थित देवनगरी में मृतक तथा उसकी पत्नी रहते थे। परिजनों ने मृतक की पत्नी पर अपने पति को जला कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक आग से झुलसने से अरुण पटवा (48) की मौत हुई है। मृतक अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता था और रोजी मजदूरी का कार्य करता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतक की पत्नी का अपने देवर के साथ आए दिन विवाद होता था। इस वजह से अरुण तथा उसकी पत्नी अलग रहते थे। मृतक के छोटे भाई ने अरुण को जलाकर मारने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसे घर से निकालने का दबाव बना रहा था। घर से निकालने अरुण ने अपनी पत्नी को डराने के लिए खुद पर पेट्रोल डाल लिया था। साथ ही उसने अपने हाथ में रखे मोजे को जलाकर रखा था। इस दौरान जलते हुए मोजे की चिंगारी अरुण पर छिटक गई और वह आग से बुरी तरह से झुलस गया। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया है कि उसने अपने पति को बचाने की कोशिश की। इसी कोशिश में अरुण की पत्नी का हाथ भी झुलस गया है।

# मेघराज साहू जिला साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष निर्वाचित



- कर्मा धाम रायपुर में निर्वाचन, 475 सामाजिक मतदाताओं ने लिया हिस्सा

रायपुर। शहर जिला साहू संघ रायपुर का चुनाव राजधानी के कर्माधाम में आयोजित हुआ। इस चुनाव मे 475 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। उत्साह भरे माहौल में मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मेघराज साहू को 250 मत प्राप्त हुए। वहीं निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामबगस साहू को 224 मत मिले। इस तरह मेघराज साहू 22 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री साहू की यह तीसरी जीत है, वहीं पुरुष उपाध्यक्ष पद पर ऋषि साहू, महिला उपाध्यक्ष पद पर किरण साहू, पुरुष संगठन सचिव पद पर माखनलाल साहू, संगठन सचिव महिला पद पर प्रेमलता साहू निर्वाचित हुईं। अध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित समाज के पदाधिकारी को साहू समाज के वरिष्ठ जनों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू, पूर्व मंत्री द्वय धनेंद्र साहू, ताम्रध्वज साहू, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू सहित सत्य प्रकाश साहू, प्रदीप साहू, राजकुमार साहू, लीलाधर साहू, केशव साहू शामिल हैं।

# पीएम आवास को लेकर विपक्ष ने किया निगम का घेराव



रायपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त में हो रही देर को लेकर सोमवार को निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी की अगवाई में कांग्रेसी नेताओं और हितग्राहियों ने निगम मुख्यालय का घेराव किया। जमकर नारेबाजी कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जल्द उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस मौके पर चंगोराभाठा, सड्डू, फुंडहर, वीरभद्र नगर, राजेंद्र नगर, गुढ़ियारी, अमलीडीह सहित अन्य इलाकों से हितग्राही प्रदर्शन में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम को 800 हितग्राहियों की सूची सौंपते हुए उनके बकाया किस्त भुगतान जल्द कराने की मांग की है। महात्मा गांधी सदन के सामने प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त भुगतान में विलंब को लेकर हितग्राहियों ने प्रदर्शन किया।

भुक्तभोगियों का कहना है कि वे कर्ज लेकर घर बना रहे हैं, समय पर किस्त की राशि उनके खाते में नहीं डाली गई। कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जो किराये के मकानों में रहने के लिए मजबूर हैं। प्रदर्शन के दौरान आकाश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास जनता से जुड़ा सीधा मुद्दा है। कितने ही गरीब परिवारों ने कर्ज लेकर या गहना गिरवी रखकर आवास का सपना संजोए इस ओर कदम बढ़ाया।

## पेज 11 के शेष ...

### डेढ़ दर्जन चौराहों की सूरत बदलने ...

चौक, तेलघानी नाका चौक, शंकर नगर चौक, यलो ब्रिज सहित अन्य चौराहे शामिल हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने निगम के लोक कर्म विभाग ने ऑनलाइन टेंडर किया है। ट्रैफिक जाम से जूझ रहे शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नगर उत्थान योजना में शहर के 16 प्रमुख चौराहों की दशा सुधारने 9 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगर निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट तय कर बाकायदा इसकी प्लानिंग की है। संबंधित आर्किटेक्ट को प्रोजेक्ट कास्ट की 1.16 फीसदी राशि परामर्श शुल्क के रूप दी जाएगी।

### बच्चे रट रहे या समझ रहे...

इसके लिए स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इसका उद्देश्य बच्चों की दक्षता का आकलन करना है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत इस मूल्यांकन को अनिवार्य किया गया है। इसमें छठी से नौवीं कक्षा तक के बच्चों को शामिल किया जाएगा। बोर्ड ने परीक्षा की गाइडलाइंस के साथ-साथ परीक्षा का शेड्यूल भी जारी किया है। कक्षा नवमी में इसकी शुरुआत विज्ञान विषय के साथ हुई है। 9 दिसंबर को भाषा और 10 को गणित की परीक्षा होगी। छठवीं कक्षा के बच्चों के लिए 11 दिसंबर को पर्यावरण विज्ञान, 15 को भाषा, 16 को गणित की परीक्षा होगी।

**दोनों माध्यम में परीक्षा :** इसमें केवल यह देखा जाएगा कि बच्चों में रटने की बजाए समझने की प्रवृति कितनी बढ़ी है। बोर्ड की गाइडलाइंस के अनुसार परीक्षा का आयोजन हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में होगा। बोर्ड की ओर से इस संबंध में स्कूलों को एक लिंक दिया गया है। इसके जरिए परीक्षा से एक दिन पहले ओएमआर शीट को डाउनलोड कर प्रिंट करना है। सीबीएसई ने स्कूलों को स्पष्ट किया है कि यह कोई प्रतियोगिता परीक्षा नहीं है, यह केवल योग्यता आधारित मूल्यांकन है। परीक्षा के बाद स्कूल बच्चों के रिजल्ट का स्वयं ही अवलोकन करेंगे। मुख्य परीक्षा परिणामों पर इसका कोई असर नहीं होगा।

**संदेह होने पर करें संपर्क :** एक अन्य आदेश जारी कर सीबीएसई ने स्वयं के नाम से मिलते-जुलते संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा ना लेने को लेकर चेताया है। बोर्ड ने कहा है, बिना स्वीकृति सीबीएसई नाम का इस्तेमाल करते हुए कुछ संस्था स्कूलों को आमंत्रण भेज रहे हैं। इससे विद्यार्थी और अभिभावक भ्रमित हो सकते हैं। सीबीएसई ने स्कूलों से यह भी कहा है कि यदि संस्था की ओर से कोई दावा या प्रमाण पत्र दिया जाता है, तो उसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाए। सीबीएसई का कहना है कि यह कदम छात्रों और अभिभावकों को भ्रामक जानकारी से बचाने के लिए आवश्यक है। स्कूलों को सलाह दी गई है कि सीबीएसई के नाम से किसी भी खेल आयोजन के दावे को केवल आधिकारिक चैनलों के माध्यम से ही सत्यापित करें। कोई भी संदेह होने पर सीबीएसई मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय से सीधे संपर्क किया जाए।

### अमित बघेल न्यायिक रिमांड पर...

अमित बघेल ने जमानत के लिए कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की तरफ से केस लड़ रहे वकील शाहिद सिद्दीकी ने अमित बघेल की जमानत का आवेदन का विरोध करते हुए बताया कि यह व्यक्ति आदतन अपराधी है, इसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में एफआईआर दर्ज है, यह देवी देवताओं का अपमान करता है। इन सब बातों से छत्तीसगढ़ में जो विभिन्न जाति और धर्म के लोग निवास करते हैं, उनके मध्य भय पैदा करने की कोशिश कर रहा है। यदि इसे जमानत पर रिहा किया गया, तो यह अपने इन मंसूबों को और आगे बढ़ाएगा, लोगों को भयभीत करने का प्रयास करेगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 तिरुपति की तर्ज पर कारीगरों ने 20 दिन...

## लाइव इवेंट

### सीजी रन-2025 मैराथन के दसवें वर्ष भी युवाओं ने दिखाया उत्साह



**रायपुर।** दसवें वर्ष भी हीरा द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन-2025 की श्रृंखला में मैराथन का आयोजन किया गया। रविवार को यह दौड़ युवाओं ने लगाई। इसमें 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर हॉफ मैराथन, 10 किलोमीटर बिगिनर्स डिलाइट और 6 किलोमीटर ड्रीम रन के लिए तय किया था। इन चार श्रेणियों में 5000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। 2025 की थीम "वाइल्ड छत्तीसगढ़" राज्य के घने जंगलों, समृद्ध वन्यजीवन का उत्सव था। इसमें बाघ को शुभंकर के रूप में चुना गया, जो शक्ति, धैर्य और गरिमा का प्रतीक है। लगभग 44% वनक्षेत्र और तीन टाइगर रिजर्व वाले छत्तीसगढ़ ने इस प्रमुख आयोजन के लिए एक सशक्त पृष्ठभूमि तैयार की। यह आयोजन राज्य की पहली रनर्स कम्युनिटी द्वारा किया गया। राजधानी में विश्वस्तरीय रनिंग अनुभव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चौड़ी, स्वच्छ और समतल सड़कों पर न्यूनतम मोड़ हैं। सबसे पहले 42 किमी के ट्रैक में केवल 12 मोड़ दिए गए।

#### उत्साह के साथ दौड़ में हर वर्ग की रही सहभागिता

इसमें ओपन में फलेश्वरी राजवाड़े और अर्जुन प्रधान विजेता रहे। वहीं 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष वर्ग में लक्ष्मण लाल साहू ने दौड़ लगाई। वहीं 21 किमी हाफ मैराथन में महिला (ओपन) में प्रज्ञा राजवाड़े, 50 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में अंजू गजवानी, पुरुष (ओपन) में हेमराज गुर्जर ने भी स्थान बनाया। वहीं 10 किमी रन के लिए महिला (ओपन) में हिडमा मंडावी, 50 वर्ष से अधिक महिला में मांडोदरी चंद्रा, पुरुष (ओपन) में अजय और 50 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में पीर मोहम्मद खान ने लोगों को प्रभावित किया। यह आयोजन नवा रायपुर अटल नगर में किया गया। फ्लैग ऑफ का सम्मान आईएएस अंकित आनंद, मयंक चतुर्वेदी (कलेक्टर रायगढ़) कंवलजीत सिंह, डॉ. संदीप दवे और विवेक ढांढ ने किया। इस अवसर पर डॉ. विनय तिवारी ने आयोजन की जरूरत और इसकी सफलता की जानकारी दी।

## सिटी इवेंट

### बोर्ड परीक्षा पास करने विषयों की लर्निंग ऑडिट करके बनाएं माइक्रो टाइम टेबल



**रायपुर।** माता-पिता की चिंता की लकीरें 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही बढ़ने लगी हैं। छमाही परीक्षा के रिजल्ट को देखते हुए वे महिला एवं पुरुष करियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट की मदद भी लेने लगे हैं। अपने बेटे-बेटियों को साथ लेकर लोग सलाह लेने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। शहर की साइकोलॉजिस्ट वर्षा वरवंडकर ने बताया कि 12वीं में पढ़ने वाले ज्यादातर विद्यार्थी ऐसे आते हैं, जो बोर्ड परीक्षा के साथ किसी न किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों को सलाह देते है कि बोर्ड परीक्षा को प्राथमिकता दें। अगर मुख्य परीक्षा ही खराब होगी तो प्रतियोगी परीक्षा के रिजल्ट करियर के लिहाज से भी ज्यादा मायने नहीं रखेंगे। करियर काउंसलर डॉ. अजित वरवंडकर ने बताया कि सलाह देते हैं कि बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए जिन विषयों में कम अंक मिले हैं। उसके क्रम को देखते हुए लर्निंग ऑडिट करना बताते हैं।

#### जिन विषयों में कम अंक उन्हें दे ज्यादा समय

*एक्सपर्ट ने बताया कि जिन विषयों में कम अंक मिले हैं, ऐसे विषयों को ज्यादा समय देने की सलाह देते हैं। अभी सिर्फ दो महीने ही परीक्षा के लिए बचे हैं। ऐसे में उन्हें प्री-बोर्ड की तैयारी के लिहाज से भी सब्जेक्ट का लर्निंग ऑडिट करना बताते है। इसके आधार ही उन्हें बचे हुए समय के लिए माइक्रो टाइम टेबल बनाना बताते हैं। इसमें सबसे कमजोर विषय को सबसे ज्यादा समय,उसके बाद दूसरे क्रम में उससे बेहतर अंक वाले विषयों को समय देने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही माइक्रो टाइम टेबल का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लेकर विद्यार्थी अपने रिजल्ट को बेहतर कर सकते हैं। विषयों के चेप्टर में जितने की तैयारी है, उसे रिविजन का हिस्सा बना सकते हैं।*

#### मोबाइल से दूरी बनाकर सिलेबस पर करें...

विद्यार्थी अच्छी तैयारी करना चाहते हैं, तो सबसे पहले मोबाइल से दूरी बनाएं। विषयों के सिलेबस पर फोकस करेंगे तो कम समय में भी अच्छी तैयारी की जा सकती है। लगातार पढ़ाई करने की जगह एक घंटे तक स्टडी करने के बाद 10 मिनट का ब्रेक लें। इस बीच बेहतर होगा दो मिनट ध्यान करें। इससे मानसिक एकाग्रता मजबूत होगी और शांत मन से विषयों की तैयारी पुख्ता तरीके से की जा सकती है। इसमें पालकों को भी सहयोग करने की सलाह देते हैं। परिवारिक माहौल को भी पढ़ाई के अनुरूप रखने को कहते है।

● संस्कृति विभाग ने शुरू किया ऐतिहासिक मूर्तियों के प्रतिरूपों का निर्माण, प्रतिमाएं खरीदने लोगों में बढ़ी रुचि

# पुरातात्विक खुदाई से निकली प्राचीन मूर्तियों की बना रहे प्लास्टर प्रतिमाएं, इतिहास प्रेमियों को कर रहीं आकर्षित



प्रदेश के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों से खुदाई के दौरान प्राप्त प्राचीन मूर्तियों को अब आम लोग भी अपने घरों की शोभा बना सकते हैं। संस्कृति विभाग द्वारा इन दुर्लभ मूर्तियों के प्लास्टर प्रतिरूप, डुप्लीकेट मॉडल तैयार करने की पहल शुरू की गई है, जो न सिर्फ इतिहास प्रेमियों को आकर्षित कर रही है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान कर रही है। इन प्रतिमाओं का निर्माण विशेष तकनीक से किया जा रहा है, जिससे उनकी कलात्मक सुंदरता और ऐतिहासिक स्वरूप अक्षुण्ण बना रहे। ये सभी मूर्तियां छठवीं से पंद्रहवीं सदी के बीच की हैं और अधिकांश प्रतिमाएं देवी-देवताओं व कल्चुरी काल की अद्वितीय कलाकृतियों पर आधारित हैं।

**रायपुर।** विभाग द्वारा इनका निर्माण प्लास्टर ऑफ पेरिस से किया जा रहा है, ताकि मूल धरोहरों की छवि यथासंभव जीवंत बनी रहे। संग्रहालयों में आने वाले दर्शक अब न केवल इन मूल प्रतिमाओं को देख पा रहे हैं, बल्कि उनसे प्रेरित डुप्लीकेट प्रतिमाएं भी खरीद रहे हैं। इन कलाकृतियों की मांग घरों को सांस्कृतिक और पुरातात्विक रूप से सजाने के लिए तेजी से बढ़ रही है। इस पहल से न केवल लोगों को अपने इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिल रहा है, बल्कि प्रदेश की पुरातात्विक विरासत को भी एक नया जीवन मिल रहा है।



#### त्रिपुरी कल्चुरी कला शैली की मूर्तियां भी उपलब्ध करा रहे

7वीं सदी की 'भू-स्पर्श मुद्रा' में गौतम बुद्ध की प्रतिमा व 10वीं ईसवीं की महिषासुर मर्दिनी, त्रिपुरी कल्चुरी कला शैली की मूर्तियां भी लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सभी मूर्तियों को प्लास्टर से इस तरह गढ़ा गया है कि वे बिल्कुल मूल प्रतिमाओं जैसी प्राचीन और ऐतिहासिक प्रतीत होती हैं। संस्कृति विभाग इन डुप्लीकेट प्रतिमाओं की डिजाइन पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि हर एक प्रतिरूप में वही कलात्मक गहराई और भावनात्मक प्रभाव उभरकर सामने आए, जो मूल मूर्तियों में अनुभव किया जाता है।



#### देवी-देवताओं से जुड़ी मूर्तियों की मांग सबसे अधिक

प्रदेश के संग्रहालयों में प्रदर्शित प्राचीन पत्थर की मूर्तियों में उकेरी गई बारीक कलाकृतियां अब प्लास्टर की डुप्लीकेट प्रतिमाओं में भी दिखाई दे रही हैं। संस्कृति विभाग द्वारा तैयार की जा रही इन प्रतिरूपों में न केवल मूल आकृति की नक्काशी को सहेजा गया है, बल्कि ऐतिहासिक भाव भी यथावत बनाए रखा गया है। संग्रहालय में देवी-देवताओं से जुड़ी मूर्तियों की मांग सबसे अधिक देखी जा रही है। 11वीं–12वीं सदी की 'मां सीमा' और रामायण प्रसंग पर आधारित 'हनुमानजी' की मूर्तियां दर्शकों का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कर रही हैं। वहीं, 6वीं सदी की दुर्लभ 'रूद्र शिव' की प्रतिमा, जो अपनी ऐतिहासिक महत्ता के लिए जानी जाती है, अब पूजा स्थलों की शोभा बनने लगी है।




#### 150 से 700 रुपए तक मिल रहीं प्रतिमाएं

संस्कृति विभाग द्वारा ऐतिहासिक मूर्तियों के छोटे आकार में तैयार किए गए प्लास्टर प्रतिरूप अब आम लोगों के लिए 150 से 700 रुपए तक की किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं। आकार और कलाकृति के अनुसार इनकी कीमत तय की गई है, जिससे हर कोई अपनी रुचि और बजट के अनुसार इन्हें खरीद सकता है। हर प्रतिमा के साथ विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर में उस मूर्ति से जुड़ा ऐतिहासिक विवरण भी दिया गया है, जिससे लोगों को न केवल कलाकृति प्राप्त हो रही है, बल्कि उसके इतिहास को जानने का भी अवसर मिल रहा है। मूल प्रतिमाओं की तरह इन प्लास्टर की मूर्तियों को भी उसी रंग और डिजाइन में सजाया गया है, जिससे वे देखने में एकदम प्राचीन और जीवंत लगती हैं।



## रंगोली प्रतियोगिता में चमकी प्रतिभाओं की रचनात्मकता





**रायपुर।** गोंडवाना महोत्सव के तहत सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला के अनोखे रंग बिखेरे। रंगबिरंगी डिजाइन से सजे इस आयोजन में प्रतिभागियों ने न सिर्फ अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और पहचान को भी सुंदर रूप में जीवंत किया।

#### उकेरी संस्कृति की अनोखी झलक

*गोंडवाना महोत्सव में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की कल्पनाशीलता और कला का अनोखा संगम देखने को मिला। प्रज्ञा बघेल ने अपनी रंगोली में गोंडवाना राज्य की ऐतिहासिक विरासत को उकेरकर खास ध्यान खींचा। वहीं जाह्नवी कोटे ने छत्तीसगढ़ महतारी को केंद्र में रखते हुए मनमोहक प्रस्तुति दी। मुस्कान आहूजा ने पारंपरिक शैली को अपनाकर आकर्षक रंगोली तैयार की, जो दर्शकों के बीच विशेष चर्चा का विषय रही। पूर्वी सोनी ने सामाजिक जागरूकता पर जोर देते हुए 'टोनही दाई' विषय पर प्रभावी संदेश देने वाली रंगोली बनाई, बी. रोशनी ने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा और सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से चित्रित किया, जबकि एन. संजना ने छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतीकात्मक रूप को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। दर्शकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयास और रचनात्मकता की भरपूर प्रशंसा की।*

## बच्चों ने रचनात्मकता, पर्यावरण समाज और कल्पनाओं को कैनवास पर उतारा

**रायपुर।** बंगाली समाज बीबीएस द्वारा रविवार को ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 600 बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विजेताओं सम्मान नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर 22 जनवरी तथा 23 जनवरी को फूड फेस्टिवल के दिन ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उतराने का प्रयास किया। किसी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तो किसी ने ड्राइंग के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।



#### 15 सेंटर में हुआ आयोजन

बंगाली समाज के अध्यक्ष सुप्रोभात पाल, पूर्व अध्यक्ष मानव सेन और डीके दत्ता ने बताया कि ड्राइंग कॉम्पिटिशन के लिए 15 सेंटर बनाए गए थे। इन सेंटरों में सेक्टर 1 मिलन संघ, सेक्टर 4 बीकेपी, सेक्टर 7 वाटर टेंक डोम शेड, हुडको कालीबड़ी, दुर्ग कालीबाड़ी, स्मृति नगर कालीबड़ी, राधिका नगर कालीबाड़ी, वैशाली नगर कालीबड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सिंधिया नगर कालीबारी दुर्ग, मैत्री नगर दुर्गा मैदान, बोरसी सांस्कृतिक भवन, नेहरू नगर कालीबड़ी, प्रगति नगर हिंदू मिलन मंदिर, चौहान टाउन सहित स्नेह संपदा स्कूल, प्रयास मूक बधिर स्कूल आदि स्थानों में सुबह 9.30 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के किसानों ने बदला तरीका, जिन राज्यों से मंगाते थे फल और सब्जियां, अब उन्हें ही बेचने का ट्रेंड

# मौसमी सब्जी के साथ जाम, ड्रैगन फ्रूट और केले की खेती का चलन बढ़ा, कटहल से भी तगड़ी कमाई कर रहे किसान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समय के साथ छत्तीसगढ़ के बड़े किसानों में भी अब ज्यादा आय देने वाली फसलों की खेती के प्रति सजगता बढ़ने लगी है। अंचल के किसानों ने आधुनिक तकनीक और संसाधनों का उपयोग शुरू किया है। इसके लिए ट्रैक्टर, दवा का छिड़काव करने के लिए पॉवर मशीन और ड्रोन इस्तेमाल करते हैं। पानी की वजह से कृषि प्रभावित न होने पाए, इसलिए खेतों को ड्रिप सिस्टम से कवर्ड किया है। इससे पानी की बर्बादी रोकने के साथ बारहमासी खेती करने लगे हैं। किसानों की मानें तो मौसमी सब्जी समेत फल कुछ साल पहले तक यूपी और बिहार ही नहीं, बल्कि नागपुर से भी मंगाते थे। अब कटहल, जाम, ड्रैगन फ्रूट, केला और मौसमी सब्जियों की खेती किसान मुनाफे के लिए करने लगे हैं। अब कटहल की खेती की पहल भी युवा कृषक आर्थिक समृद्धि के लिए तेजी से करने लगे हैं।





#### अब व्यवसाय पर आधारित खेती का बढ़ रहा ट्रेंड



कृषक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि संयुक्त परिवार होने से कृषि भूमि 5 सौ एकड़ है। इसमें 2017 से सब्जी, शिमला मिर्च, अचारी मिर्च, आम, जाम, ड्रैगन फ्रूट, केला, कटहल की पैदावार लेने लगे हैं। इससे अब दिल्ली, कोलकाता, झारखंड, मुंबई और यूपी-बिहार में भी व्यवसाय बढ़ा है। व्यापारी खुद आर्डर देने आते हैं और सब्जियां-फल ले जाने अपनी ट्रकें ले आते हैं। पहले किसान तकनीकी रूप से दक्ष नहीं होने से कमाई तो दूर, लागत मूल्य भी नहीं निकाल पाते थे। किसानों में व्यावसायिक खेती का ट्रेंड बढ़ रहा है। तकनीक बेस्ड खेती में युवाओं का लगाव बढ़ा है।

#### इन फलों और सब्जियों की खेती का बढ़ रहा चलन

आधुनिक तकनीक से खेती करने वाले महासमुंद निवासी दिलीप राठौर ने बताया कि गांव में तथा कुम्हारी में भी फार्म हाउस है। दोनों जगह मिलाकर 50 एकड़ कृषि भूमि पर सीताफल, केला, लौकी, मिर्चा, तोरई, भिंडी, बरबट्टी और खीरा, टमाटर, गोभी, कुंदरू, बंधी की खेती करता हूं। ट्रैक्टर और पॉवर मशीन से दवा का छिड़काव करते हैं। ड्रोन का उपयोग कृषि कार्य में करते हैं। खेतों में एक-एक लाख लीटर की टंकी में मोटर लगाकर फलों और सब्जियों को ड्रिप से पानी देते हैं, साथ ही कटहल की पैदावार का चलन भी बढ़ा है।

#### हर साल सिर्फ कटहल ही सौ टन बेच रहे

कृषक दीप चौहान दुर्ग में 8 साल से कृषि भूमि पर केले, कटहल की पैदावार करते हैं। उन्होंने बताया कि पौधों को पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए ड्रिप तकनीक का इस्तेमाल खेतों में करते हैं। पहले केला महाराष्ट्र से और कटहल यूपी-बिहार से आता था। इसे देखते हुए खेती के लिए जानकारी जुटाई। आधुनिक तकनीक से खेती करने हुए अब हर साल सिर्फ कटहल ही 100 टन से ज्यादा दूसरा राज्यों को बेचते हैं। सबसे ज्यादा आपूर्ति विगत तीन साल से यूपी और बिहार जैसे राज्यों में की जा रही है। वहां इसकी अच्छी कीमत मिल जाती है।

**धर्म लाइव**

## मैजिक ऑफ काइंडनेस के तहत रोटरी ऐलिगेंस ने दी भोजन सेवा



**रायपुर।** मैजिक ऑफ काइंडनेस के तहत रोटरी क्लब ऐलिगेंस ने सोमवार को जरूरतमंद मरीजों के परिजनों के लिए निशुल्क भोजन सेवा देने की पहल की। इस सेवा से लगभग 500 लोगों को लाभ प्राप्त हुआ। एलिगेंस की टीम ने दोपहर में बाल गोपाल हॉस्पिटल के पास मरीजों के परिजनों को भोजन सेवा दी। क्लब अध्यक्ष नीरू अग्रवाल एवं सचिव तनुश्री अग्रवाल सहित क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अध्यक्ष ने कहा कि समाजसेवा रोटरी की प्राथमिकताओं में एक है। अस्पताल में भोजन वितरण जैसे काम मानवता के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाते हैं। इसे सफल बनाने में क्लब मेंबर्स ने सपोर्ट किया।

### क्लब आगे भी सरोकार से जुड़े कार्यों के लिए अग्रणी रहेगा

मैजिक ऑफ काइंडनेस की चेयरपर्सन शालू केडिया ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से मरीजों के परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दी गई, ताकि कठिन परिस्थितियों में उन्हें भोजन की चिंता न करनी पड़े। उन्होंने कहा, जरूरतमंदों की सेवा करना रोटरी का प्रथम कर्तव्य है। क्लब आगे भी ऐसे कार्यों में अग्रणी रहेगा। अस्पताल प्रशासन ने रोटरी क्लब के इस मानवीय प्रयास को भी सराहा। एलिंगेस की मेंबर्स ने कहा कि ऐसी सेवाएं मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से बड़ी राहत प्रदान करती हैं। इस लिहास से इस प्रयास को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि सरोकार से जुड़कर परिजनों की मदद की जा सके।

**कैंपस लाइव**

## वन नेशन-वन इलेक्शन पर स्टूडेंट्स ने रखे विचार, हस्ताक्षर कर दिया समर्थन




**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में "वन नेशन, वन इलेक्शन" के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष फणिंद्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच व मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, कार्यक्रम संयोजक योगेश साहू और कॉलेज के सेक्रेटरी गुरजीत सिंह हूरा उपस्थित रहे। अभियान के दौरान उपस्थितजनों ने "एक राष्ट्र, एक चुनाव" के दूरगामी राष्ट्रीय लाभों पर चर्चा की। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय खर्च में कमी, प्रशासनिक दबाव में राहत, विकास कार्यों में तेजी, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता व स्थिरता जैसी बातें प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर कर इस पहल का समर्थन किया। संयोजक योगेश साहू ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे भारत के भविष्य को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

### देश का वित्तीय बोझ कम होगा

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कई बिंदुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ कि "वन नेशन, वन इलेक्शन से देश का वित्तीय बोझ कम होगा, क्योंकि बार-बार चुनाव कराने का भारी खर्च बचेगा। प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव घटेगा और विकास कार्यों में बाधा नहीं आएगी। देशभर में समान चुनाव प्रक्रिया से पारदर्शिता और स्थिरता बढ़ेगी। सरकारें अपना पूरा समय नीति निर्माण और विकास में दे सकेंगी, जिससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा। वन नेशन, वन इलेक्शन" से देश में राजनैतिक स्थिरता, मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था और सुशासन को बल मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने बड़े उत्साह से हस्ताक्षर कर इस राष्ट्रीय अभियान को समर्थन दिया।

**समाज इवेंट**

## 254 युवक और 168 युवतियों ने जीवनसाथी चुनने दिया परिचय



**रायपुर।** देवांगन समाज के तत्वावधान में युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा रविवार को डॉ भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम में देवांगन समाज का विशाल सामाजिक अधिवेशन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में दुर्ग जिला के अलावा नागपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा आदि शहरों से भी लोग शामिल हुए। सम्मेलन में 254 युवकों एवं 168 युवतियों ने अपने जीवन साथी चुनने परिचय दिया। इसके साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक 43 तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर को भी मंच मिला, जहां उन्होंने नए जीवनसाथी बनाने अपना परिचय दिया।

### समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज शिक्षित, संगठित और छत्तीसगढ़ का अग्रणी समाज है। इस समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। समाज के लोग शासन के प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने परिचय सम्मेलन में भारी भीड़ को देखते हुए कहा कि यह देवांगन समाज की एकता और सशक्त संगठन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अपने द्वारा सामाजिक संस्थाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क पानी बाटल सप्लाई की शुरुआत देवांगन समाज के इस सम्मेलन से किया साथ ही उन्होंने परमेश्वरी विद्यालय सुपेला में भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए एवं कोहका में भवन के लिए 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

---

**श्रीश्री बालाजी पूजा युवा समिति डब्ल्यूआरएस कॉलोनी की पहल पर 26वें वर्ष भी जारी है पूजा महोत्सव**

# तिरुपति की तर्ज पर कारीगरों ने 20 दिन में सजाया बालाजी दरबार, कुमकुम पूजा-दीप आराधना की

'श्रीश्री बालाजी पूजा का आयोजन पारंपरिक तरीके से 26वें वर्ष भी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित पूजा मैदान में जारी है। इस साल भी भगवान बालाजी का दिव्य दरबार सजाने के लिए कोलकाता के 22 कारीगरों को दायित्व दिया गया था। उनकी टीम ने दिन और रात की पाली में काम करते हुए 20 दिनों में भक्तों के लिए 80 बाई 120 वर्गफीट एरिया में तिरुपति में पाए जाने वाले पारंपरिक मंदिरों की तर्ज पर दिव्य दरबार का स्वरूप दिया है। जहां 11 दिसंबर तक श्री बालाजी पूजा महोत्सव की धूम रहने वाली है।





**रायपुर।** 96 महिलाओं ने सोमवार को कुमकुम अर्पित करने के बाद परिवारजनों के साथ दीप आराधना में शामिल हुईं। इससे शाम को पंडाल में भक्तिमय माहौल बना।' चार महीने चातुर्मास के दौरान जहां मांगलिक कार्यों पर विराम लगा था। वहीं देव उठनी के बाद से भगवान श्री बालाजी की आराधना का सिलसिला डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में श्री श्री बालाजी पूजा युवा समिति के द्वारा पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एन.प्रसाद राव और सोमेन चटर्जी ने बताया कि पूजा महोत्सव के रजत जयंती वर्ष में 2024 में आन्ध्र प्रदेश स्थित राजमुंदरी के मूर्तिकारों से साढे 6 फीट ऊंची पीतल और तांबे से भगवान बालाजी का श्रीविग्रह बनवाया गया है। अभी उन्हें श्रीनगर में स्थित गणेश मंदिर में स्थापित किया गया है। जहां से हर साल मुख्य पुजारी वासु मूर्ति द्वारा तय की गई पूजा तिथि के तहत 8 दिनों की पूजा के लिए भगवान को पंडाल में लाया जाता है। इस पूजा की महत्ता यह है कि इसमें सुबह और शाम को होने वाली पूजा में यजमान के रुप वैवाहित जोड़े शामिल होते हैं।



### शाम से देर-रात तक रहता है उत्साह का माहौल

हर साल की तरह ही शाम को पूजा पंडाल में पहुंचने वाले लोगों को भक्ति के साथ उत्सव का माहौल देने के लिए बच्चों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाती है। लोगों को व्यंजनों का स्वाद मिले, इसलिए स्टाल भी सजते हैं। इससे परिवार के साथ पूजा में शामिल होने वाले लोगों को दोहरा अवसर मिल रहा है। भक्ति के साथ उत्सव का हिस्सा बनने के लिए ज्यादातर नौकरी पेशा लोग शाम को ही महोत्सव में शिरकत करने के लिए आते हैं। उनको सुविधा देने के लिए वालेंटियर्स को तैनात करते हैं, ताकि व्यवस्था भी बनी रहे।

### श्रीविग्रह के साथ 11 को निकलेगी शोभायात्रा

आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 11 दिसंबर को दोपहर में भंडारा किया जाएगा। इसके बाद शाम को भगवान श्री बालाजी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसमें भजन-कीर्तन करते हुए भक्त परिवार भगवान को श्रीनगर स्थित गणेश मंदिर में उनको स्थापित करने श्रीविग्रह का श्रृंगार करने के बाद शोभायात्रा में शामिल होंगे। मंदिर में पहुंचने के बाद वहां विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही पारंपरिक रूप से आठ दिनों तक होने वाले पूजा महोत्सव का भी समापन होगा।





### नित्य अर्चना और हवन में शामिल होते हैं जोड़े

उन्होंने बताया कि पहले दिन भगवान की पंडाल में स्थापना के बाद से नित्य अर्चन और हवन में यजमान के रुप में जोड़े ही पूजा में शामिल होते हैं। वहीं सोमवार की शाम में 7 बजे 96 महिलाओं ने हल्दी से गणेश बनाकर उन्हें कुमकुम दान करते हुए सुहाग के दीर्घायु होने की कामना करते हुए दीप आराधना की। इसके चलते पंडाल में भक्तिमय माहौल बना। कॉलोनी के लोग ही नहीं बल्कि सन्यासी पारा, भनपुरी, देवेन्द्र नगर और फाफाडीह से श्रद्धालु परिवार के साथ पूजा महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए पहुंच रहे हैं।


### भगवान बाजाली का पुजारी करते हैं साज-श्रृंगार

मंगलवार को सुबह 09 बजे नित्य अर्चन, आयुश हवन सभी भक्तों के सुख-समृद्धि के लिए किया जाएगा। इसमें आसपास रहने वाले भक्त परिवार शामिल होंगे। शाम 07 बजे नित्य अर्चना और हवन का विधान मुख्य पुजारी के साधिन्य में किया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए जहां युवा टीम बनाकर दायित्व निभा रहे हैं। वहीं पंडाल की शुद्धता और पूजा नियम करने के लिए मुख्य पुजारी भी सहयोगियों के साथ पूजा पंडाल में भगवान की सेवा करते हैं। सुबह और शाम को भगवान बाजाली का साज-श्रृंगार किया जाता है।

---

## शास्त्रीय गीत-संगीत संग लावणी और लोकनृत्य से मचाई धूम, प्रतिभागियों की मंचीय प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा



**रायपुर।** गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में गोविंद लीला कला कौशल द्वारा कलावंत अंतर्राष्ट्रीय गायन, वादन और नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से चार दिनों में करीब 400 प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति का अवसर दिया। सोमवार को अंतिम दिन नेपाल, पुणे, मुंबई, मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से आए शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की विधा में पारंगत धुरंधरों ने अपनी प्रस्तुति की छाप निर्णायकों के बीच छोड़ी। कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम के साथ ही महाराष्ट्र की लावणी और लोकनृत्य की छटा मंच पर बिखेरते हुए दर्शकों से भी वाहवाही लूटी। निर्णायक के रूप में कोलकाता की अनुरेखा घोष, उदित नारायण तिवारी एवं के. हरीश भी मंच के सामने मौजूद थे। नेपाल के गुरु सूजन रघुवंशी ने संस्था को आयोजन के लिए सम्मान भाव प्रकट किया। कलावंत पर भारतीय संस्कृति की झलक देखना अद्भुत था। नेपाल में भी शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य जैसी विधा के पारखी हैं।

### प्रस्तुति से जुड़े प्रतिभागियों को मंच से जोड़ा

आयोजन संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में 70 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अंतिम दिन भी भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को गीत-संगीत के साथ ही नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति से बांधे रखा। कलाप्रेमियों और प्रस्तुति से जुड़े प्रतिभागियों को मंच से जोड़ने का दायित्व संचालन करते हुए सारिका शर्मा निभा रही हैं। वहीं आयोजन संस्था की सचिव किरण साहू ने इस महोत्सव के संयोजन का दायित्व निभाया। इनके निर्देश पर मंचीय प्रस्तुतियों का सिलसिला अंतिम दिन भी व्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। इसमें सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स और प्रतीक चिन्ह दिए गए। उनके साथ आए पालकों को भी सुविधा और सहयोग देने टीम तय थी।

### श्रीकृष्ण और राधा की लीलाओं को किया जीवंत

पुणे, नागपुर, भिलाई, बालाघाट, दुर्ग से आए प्रतिभागियों ने अलग-अलग शास्त्रीय नृत्य विधा पर शिरकत करते हुए कृष्ण और राधा की लीलाओं को मनमोहक अंदाज में जिवंत किया। जबकि पंजीयन नंबर के आधार पर ही प्रतिभागियों को मंच से जोड़ा गया। इससे किसी को इस बार का भी पता नहीं चल रहा था कि प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी मूलरूप से कहां के रहने वाले हैं। उनके गुरु और उनकी पहचान क्या है। मंच के बैक साइड से सिर्फ टोकन नंबर पुकारा गया। निर्णय के बाद सभी प्रतिभागियों का परिचय मंच से दिया गया। इस दौरान निर्णायकों के साथ परिजनों ने भी सर्टिफिकेट्स देते हुए तस्वीरों को कैमरे में कैद किया, जो कलावंत की याद दिलाएगी।



## शुभ भावनाएं हमारे जीवन में सबसे शक्तिशाली अस्त्र : वीणा दीदी



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन विषय पर ब्रह्माकुमारी टीचर्स को ट्रेनिंग दे रही है। चार दिवसीय सत्य गीता ज्ञान टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के&nbs दिन बीके वीणा ने बताया कि सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद् भागवत गीता योग शास्त्र है ना की युद्ध शास्त्र। बाहुबल से विश्व पर किसी ने राज्य नहीं किया। सपना तो बहुतों ने देखा लेकिन विश्व पर रामराज्य स्वर्णिम भारत सिर्फ योग बल से स्थापना होगा। आत्मिक स्मृति स्वरूप और मनन द्वारा हम निश्चिंत जीवन जी सकते हैं, देह में रहते विदेही स्थिति आत्मअनुभूति करने का अभ्यास करना है।बीके वीणा ने कहा कि सब में विशेषता देखो जब हम देह अभिमान में होते हैं तो सबकी कमियां ही दिखाई देती है।

### सभी के प्रति रखें शुभ भाव

बीके वीणा बहन ने बताया कि रावण परम ज्ञानी, तपस्वी, शिव भक्त था फिर भी अहंकार, घमंड के कारण सिर पर गधे का ताज दिखाते हैं, अपने जीवन में घमंड, अहंकार, अभिमान को त्याग कर धन्यवाद और आभार का भाव जागृत करें। हम जो बोलते हैं उससे ज्यादा हमारी शुभ-शुद्ध भावनाएं कार्य करती हैं। इसलिए शुभ भावनाएं हमारे जीवन में हमारा सबसे शक्तिशाली अस्त्र है हम जो भी सोचते हैं पूरे ब्रह्मांड में फैल जाता है, अच्छा बुरा व्यर्थ सब फैल जाता है इसीलिए सबसे पहले अपने प्रति विशेष शुभ-भावना रखो। शुभभावनाओं का फल सदा लाभदायक होता है।

---

**महंत घासीदास संग्रहालय में 13 साल पुराना मोम से बना पुतला देख आगंतुक हो रहे आश्चर्यचकित**

# संग्रहालय में हूबहू मानव का पुतला कर रहा चकित जीवंत इतना कि लोग करने लगते हैं अपने मन की बात

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कंधे पर लाल गमछा, सफेद धोती और हाथों में अखबार लिए चबूतरे के बाहर बैठा ग्रामीण आपको भी देखने में एकबारगी असली लगा होगा, लेकिन यह कोई इंसान नहीं, बल्कि मोम से बनाया गया एक पुतला है। इसे देखने पर अधिकांश लोगों को भ्रम होता है कि यहां कोई इंसान बैठकर अखबार पढ़ रहा है। यह पुतला महंत घासीदास संग्रहालय में है, जो लंबे समय से लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विभाग के मुताबिक, बालाघाट के कलाकार ने इसे बनाया है, जो लगभग 13 साल पुराना है। चेहरे की बनावट, आंख, नाखून और शरीर हूबहू इंसान की तरह हैं। संग्रहालय की गाइड रोशनी शर्मा ने बताया कि जब भी कोई नया व्यक्ति इस पुतले को देखता है तो आश्चर्यचकित हो जाता है।





### पहली नजर में ही लगता है जिंदा इंसान

हर व्यक्ति को यह पुतला पहली नजर में जिंदा इंसान ही लगता है। कई बार लोगों को इस पुतले से बातचीत करने हुए भी देखा गया है। उन्होंने बताया कि यह पुतला जितना पुराना होता जा रहा है, उतना ही जीवंत होने लगा है। लोगों को यह पुतला प्रभावित करे, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाता है। पुतले पर जो पेंट लगा है, वह अभी तक बदला नहीं गया है। विभाग की ओर से कपड़े समय-समय पर बदले जाते हैं, ताकि इसका आकर्षण बना रहे।

### हर छह महीने में करते हैं सफाई

ग्रामीण के रूप में बना यह पुतला हर व्यक्ति को आकर्षित करता है। विभाग के मुताबिक, हर 6 महीने में इसकी सफाई की जाती है। पुतले पर शरीर का रंग हूबहू इंसानों की तरह है। आंखों की पुतलियां भी जीवंत हैं। यही वजह है कि लोग विश्वास नहीं कर पाते कि यह नकली है। संग्रहालय पहुंचने वाला हर व्यक्ति यहां इस पुतले की बनावट को ध्यान से देखता है। हर कोई पुतले के साथ अपनी तस्वीर लेता है।



### इंसानों की तरह चेहरे पर चमक

संग्रहालय का यह पुतला 2013 में रखा गया है, लेकिन पुराना होने से यह अब लोगों को और भी आकर्षित करने लगा है। संग्रहालय में में रखा गया पुतला लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम के रखे मोम के पुतले को टक्कर दे रहा है। पुतले में इंसानी चमक इसे जीवंत बनाए हुए है। विभाग का कहना है कि यह पुतला कलाकार की कल्पना है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण किसान की झलक लोगों को इस पुतले में दिखाई दे रही है।

## खबर संक्षेप



### राज्यस्तरीय सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह में राठौर हुए सम्मानित

**रायपुर।** प्रांतीय समाज गौरव विकास समिति रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को राज्य स्तरीय सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इस वर्ष प्रशासनिक क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व धनंजय राठौर को सामाजिक समरसता सम्मान से अलंकृत किया गया। जनसंपर्क विभाग में संयुक्त संचालक के रूप में कार्यरत श्री राठौर को उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता, जनसंचार क्षेत्र में प्रभावी नेतृत्व और राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों के साथ ही राज्य-राष्ट्रीय ओर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में रिसोर्स पर्सन के रूप में दिए योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश चंदेल, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत अपर कलेक्टर नोहर राम साहू रहे। संयोजक व समिति अध्यक्ष डॉ. सुखदेव राम साहू सरस के सफल संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### गाइडलाइन दरों में संशोधन का क्रेडाई छग ने किया स्वागत

**रायपुर।** क्रेडाई छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जारी नई गाइडलाइन दरों में किए गए आवश्यक एवं सकारात्मक संशोधनों का स्वागत किया है। बोर्ड ने राज्यभर में लागू गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के लिए व्यापक अध्ययन, सुझावों और जमीनी वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। संस्थान का कहना है कि यह बदलाव रियल एस्टेट सेक्टर, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजनाओं सहित मध्यम एवं आर्थिक वर्ग के घर खरीदारों के लिए महत्वपूर्ण राहत लेकर आए हैं। क्रेडाई छत्तीसगढ़ ने विशेष रूप से कई प्रमुख संशोधनों को बेहद उपयोगी बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया है। नगरीय सीमा में 1400 वर्गमीटर तक इकाई सहित भूमि आधारित गणना में राज्य के शहरों में 50 प्रतिशत, नगरपालिकाओं में 37.5 प्रतिशत तथा नगर पंचायतों में 25 प्रतिशत तक की राहत को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की लागत के अनुरूप बड़ा और व्यावहारिक निर्णय बताया गया है। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलेच्छा, सचिव एवं प्रेसीडेंट इलेक्ट अभिषेक बच्छावत ने राजस्व एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शालेय वार्षिकोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**रायपुर।** गुजराती स्कूल (हिंदी माध्यम) द्वारा 9 दिसंबर को शालेय वार्षिकोत्सव-सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देवेंद्र नगर स्थित स्कूल परिसर के ज्ञानोदय भवन में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी स्कूल के प्राचार्य अनीस मेनन ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षण समिति के अध्यक्ष रामजी भाई पटेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायणभाई पटेल करेंगे।

# रेडिएशन का जोखिम उठा रहे रेडियोग्राफर, 31 साल बाद भी भत्ता केवल 50 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीमारी की पहचान के लिए मरीजों का सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी जांच करने वाले रेडियोग्राफर को पिछले 31 सालों से केवल 50 रुपए जोखिम भत्ता मिल रहा है। तमाम जिम्मेदारों से मिलकर वेतन का दस प्रतिशत भत्ता देने की मांग कर चुके रेडियोग्राफरों के शरीर पर रेडिएशन का विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। राज्य में करीब दो सौ रेडियोग्राफर प्रदेश के विभिन्न शासकीय मेडिकल कालेज के साथ जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर काम कर रहे हैं।

अस्पतालों में आने वाली कुल मरीजों के 70 फीसदी लोगों की बीमारी का पता लगाने के लिए एक्स-रे, सोनोग्राफी से लेकर अन्य तरह की रेडियो डायग्नोसिस की जरूरत पड़ती है। डाक्टरों के निर्देश पर यह जांच वहां मौजूद टेक्निशियनों यानी रेडियोग्राफरों द्वारा की जाती है। लगातार मशीन के संपर्क में रहने की वजह से उससे निकलने वाले रेडियशन का विपरीत प्रभाव इन कर्मचारियों के शरीर पर होता है। मरीजों के मर्ज का इलाज करने वाले इन टेक्निशियनों को इसके बदले मात्र 50 रुपये जोखिम भत्ता दिया जाता है, जो 1994 से लागू है। रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ 31 साल पूरे कर चुके जोखिम भत्ता के इस सिस्टम में बदलाव करने की मांग काफी समय से कर रहा है, मगर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों का कहना है कि उन्हें हर जगह से इस मामले में आश्वासन मिला, मगर अब तक किसी तरह की कार्यवाही शासन स्तर पर नहीं की गई है।

**शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दे रहे सेवा**

#### इस तरह के विपरीत प्रभाव

रेडिएशन के प्रभाव में आने की वजह से महिला टेक्निशियनों के मातृत्व क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है। इसके अलावा बाल झड़ना, नाखून गलना, कैंसर जैसी बड़ी समस्याएं सामने आती हैं। प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का दावा है कि महिलाओं में गर्भपात होने जैसी समस्या लगातार सामने आती रहती है। इसके बाद भी विभागीय अफसर उनके जोखिम भत्ता को बढ़ाने की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि तीन-चार साल पहले तात्कालिक डीएमई की समिति द्वारा गठित समिति ने उनकी मांगों को पूरा करने की सिफारिश भी कर चुकी है।



#### पद बढ़ाने और जोखिम अवकाश का जिक्र भी

छत्तीसगढ़ रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष देवांगन ने बताया कि शासकीय अस्पतालों में जांच मशीनों की संख्या बढ़ रही है, मगर उस हिसाब से टेक्निशियनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। साथ ही सालभर की ड्यूटी के दौरान इन्हें जोखिम अवकाश देने की मांग भी की गई है। इसके साथ ही रेडियोग्राफरों को उनकी वरिष्ठता के आधार पर पदनाम देने की मांग की गई है। उनका ग्रेड पे भी 2800 से बढ़ाकर 4200 किए जाने की मांग काफी समय से लंबित है।

# नाबार्ड की मदद से छग की सोसाइटियों के लिए बनाए जाएंगे 100 गोदाम

**लागत आएगी साढ़े 25 करोड़ रुपए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सहकारी सोसाइटियों के लिए नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) की मदद से 100 गोदाम बनाए जाएंगे। इस योजना के पूर्ण होने से 20 हजार मीट्रिक टन की नवीन भंडारण क्षमता समितियों में सृजित की जा सकेगी, साथ ही एक कार्यालय भवन भी प्रत्येक सहकारी समितियों को प्राप्त होगा, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के कृषकों, ग्राहकों को होगा। यह योजना नाबार्ड की सहायता से गोदाम सह-कार्यालय निर्माण योजना 2025 का हिस्सा है।

***ये है मामला :*** सहकारी साख संरचना अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश में 2058 पैक्स,लैम्प्स कार्यरत है। इन समितियों के द्वारा प्रदेश के ग्रामीण कृषकों को नगद एवं वस्तु संबंधी कृषि साख की आवश्यकताओं की पूर्ति, खरीफ धान उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत दुकानों का संचालन किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के प्रस्ताव के अनुसार राज्य के 100 पैक्स,लैम्प्स के पास भंडारण की व्यवस्था हेतु गोदाम उपलब्ध नहीं है अथवा उनके कार्यालय तथा गोदाम जर्जर हो चुके है, जिससे समितियों द्वारा कार्य संचालन कठिन हो गया है।

#### खर्च होंगे साढ़े 25 करोड़ रुपए

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की ग्रामीण अधोसरंचना विकास निधि के माध्यम से ऋण प्राप्त कर गोदाम विहीन जर्जर गोदाम वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 200 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम सह कार्यालय के निर्माण की योजना बनाई गई है। इस योजना की कुल लागत राशि रू. 25.56 करोड़ है। इस योजना के पूर्ण होने से 20 हजार मीट्रिक टन की नवीन भंडारण क्षमता समितियों में सृजित की जा सकेगी साथ ही एक कार्यालय भवन भी प्रत्येक सहकारी समितियों को प्राप्त होगा, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के कृषकों, ग्राहकों को होगा।



**ये होगी पात्रता :** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां में से ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि के अंतर्गत गोदाम सह कार्यालय निर्माण हेतु गोदाम विहीन, जर्जर गोदाम वाली समितियां सहायता प्राप्त करने के लिये पात्र होंगी। ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि के अंतर्गत वित्त विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। हितग्राही सोसाइटी को गोदाम निर्माण हेतु स्वीकृत राशि का उपयोग गोदाम निर्माण कार्य में ही करना होगा।

#### सोसाइटियों को होगा ये फायदा

गोदाम विहीन जर्जर गोदाम वाली समितियों में योजनांतर्गत भंडारण क्षमता सृजित करने से समितियों के कार्यों का सुगम संचालन हो सकेगा। किसानों को सहजता पूर्वक उनकी माँग के अनुरूप रासायनिक खाद, प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा। कार्यालय स्थापित होने पर किसानों को साख की सुगमता सुगमता के साथ-साथ अन्य बैंकिंग सुविधाएं भी प्राप्त हो सकेंगी। समितियों के माध्यम से माइक्रो एटीएम की सुविधा भी किसानों,ग्राहकों को उपलब्ध हो सकेगी, जिससे वे अपने बैंक खातों से राशि का आहरण आवश्यकता अनुसार कर सकेंगे।

#### सोसाइटी के पास ये संसाधन होने चाहिए

सोसाइटी के पास गोदाम निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो एवं स्थल चयन के उपरांत ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावे। गोदाम की भंडारण क्षमता 200 मीट्रिक टन होनी चाहिए। भूमि की उपलब्धता इस योजना अंतर्गत गोदाम निर्माण हेतु आवश्यक भूमि की व्यवस्था सोसाइटी के पास नहीं होने की दशा में सोसाइटी के प्रस्ताव पर उप,सहायक पंजीयक के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर द्वारा आवश्यकतानुसार सोसाइटियों को भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। गोदाम का निर्माण राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन अनुसार किया जायेगा। गोदाम में रोशनी एवं वेन्टीलेशन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये। दरवाजे, खिड़की एवं वेंटिलेटर वाटर प्रूफ होना चाहिये। गोदाम को चूहों से सुरक्षित होना चाहिये। गोदाम में सुविधाजनक एप्रोच रोड पक्का रोड की व्यवस्था होनी चाहिये। गोदाम परिसर से पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था होनी चाहिये। गोदाम में लोडिग,अनलोडिग आसानी से होना चाहिये। आग एवं चोरी से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिये।

# सुबह ठंड... नहीं लिख पा रहे उत्तर, बदल दीजिए परीक्षा का समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के छात्रों ने प्रबंधन से मांग करत हुए कहा है कि परीक्षा के समय में बदलाव किया जाए। छात्रों का कहना है कि सुबह-सुबह परीक्षा होने के कारण उन्हें कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 28 नवंबर से प्रारंभ हुई हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे से प्रारंभ होती है। इसके लिए छात्रों को 7.30 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचना होता है। छात्रों दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में उन्हें तड़के ही अपने घरों से निकलना पड़ता है। छात्रों के अनुसार, इतनी सुबह दूर तक यात्रा करके केंद्र पहुंचने के बाद उन्हें लिखने में दिक्कत होती है। स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन कारणों से उनके द्वारा मांग की गई है कि समय-सारिणी में बदलाव किया जाए।

- रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं सुबह 8 बजे से, छात्रों को तड़के 6 बजे निकलना पड़ रहा घर से

एनएसयूआई के नेतृत्व में यह विरोध प्रकट किया गया। इस दौरान संगठन के पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, साहिल मिरी, मोनेंद्र मानिकपुरी, विनय भोई, राजेंद्र सिदार सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

# जालसाजी की रकम ट्रांसफर, सामान्य खाताधारकों के अकाउंट हो रहे फ्रीज

**अकाउंट फ्री कराने पुलिस, बैंक कोर्ट के चक्कर लगाने विवश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑनलाइन ठगी की घटना रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए लोगों को ठगी की रकम होल्ड कराने ऑनलाइन पोर्टल भी बना हुआ है। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की रकम होल्ड तो की जा रही है, रकम होल्ड होने से पूर्व ठगी की रकम जिन अकाउंट में अलग-अलग लेयर में पहुंच रही है, उसमें सामान्य खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठगी की रकम अलग-अलग लेयर में जितने अकाउंट में पहुंचती है, साइबर पुलिस उन सभी अकाउंट को फ्रीज करा देती है। इसके कारण सामान्य खाताधारक परेशान हो रहा है। खाताधारक अपने अकाउंट फ्री कराने थाने के साथ बैंक तथा कोर्ट का चक्कर लगाने मजबूर है।

- जितने लेयर से रकम ट्रांसफर होगी, उतने अकाउंट को साइबर पुलिस फ्रीज कराती है



अकाउंट फ्रीज होने की शिकायत लेकर आए दिन पीड़ित साइबर सेल के पास पहुंच रहे हैं। साइबर पुलिस ऐसे शिकायतकर्ता की केवल इतनी मदद करती है कि उनका अकाउंट किस राज्य के शहर के साइबर पुलिस ने फ्रीज कराया है। अकाउंट किस कारण से फ्रीज कराया है, इस बात की जानकारी स्थानीय साइबर पुलिस नहीं दे पाती। अकाउंट फ्रीज होने की जानकारी जिस राज्य, शहर की पुलिस कराती है, इसका कारण केवल वे ही बता सकते हैं। इस वजह से सामान्य अकाउंट होल्डर ज्यादा परेशान होते हैं।

#### कारोबारी, नौकरी पेशा वर्ग के अकाउंट ज्यादा फ्रीज हो रहे

साइबर सेल के पास अब तक 50 के करीब अकाउंट फ्रीज होने की शिकायतें आई हैं। जिन लोगों ने अकाउंट फ्रीज होने की शिकायत दर्ज कराई है, उनमें नौकरी पेशा तथा कारोबारी वर्ग के लोग शामिल हैं। कारोबारियों के अनेकों लोग यूपीआई सहित अन्य तरह से पेमेंट करते हैं। इससे कारोबारियों को पता नहीं चल पाता कि किस अकाउंट से उसके पास ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन हुआ है। जालसाज के पकड़े जाने के बाद पुलिस उसके अकाउंट डिटेल की जांच करती है। जांच में जालसाज के अकाउंट से जिन-जिन अकाउंट में ट्रांजेक्शन हुआ रहता है, साइबर पुलिस उन अकाउंट को फ्रीज करा देती है।


# निमोरा में बनेगा 60 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, निगम ने राज्य शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 60 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। निमोरा में औद्योगिक क्षेत्रों से आ रहे अतिरिक्त मात्रा में प्रदूषित जल के उपचार में इस प्लांट के निर्माण से मदद मिलेगी।

- भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त एसटीपी की स्थापना

नगर निगम द्वारा इस समय 4 स्थानों चंदनीडीह में 75 एमएलडी क्षमता, कारा में 55 एमएलडी क्षमता और निमोरा में 90 एमएलडी तथा भाठागांव में 6 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन किया जा रहा है। इन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों से रायपुर शहर से निकल रहे दूषित जल को एकत्र कर निरंतर उपचार किया जा रहा है। यह जल 17 ऐसे नालों का होता है, जो कि मुख्य नालों में मिलते हैं। इनमें चिंगरी नाला, गोवर्धन नाला, सरोना वंडर पार्क नाला, अटारी नाला के दूषित जल को चंदनीडीह में स्थापित 75 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में,छोकरा नाला के दूषित जल को निमोरा में स्थापित 90 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में और तेंदुआ नाला के दूषित जल को कारा में स्थापित 35 एमएलडी क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित किया जाता है।




वर्तमान में चंदनीडीह एसटीपी एसटीपी अपनी कुल क्षमता के 65 फीसदी क्षमता पर और कारा तथा निमोरा अपनी कुल क्षमता के 100 फीसदी क्षमता पर संचालित हो रहे हैं। ऐसे में निमोरा मे औद्योगिक क्षेत्रों से आ रहे अतिरिक्त मात्रा में दूषित जल के उपचार करने और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से 60 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थापना की जरूत है।

### संत बाबा गेलाराम साहेब का वर्सी महोत्सव शुरू



**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में सोमवार को हवन व झंडा वंदन के साथ वर्सी महोत्सव शुरू हुआ। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद, जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में हुआ। पं. दीपक शर्मा महाराज द्वारा हवन कराया गया। इसके बाद साईं कमल कुमार वासणगोट दरबार नागपुर द्वारा सत्संग किया गया। इसके बाद मोहनलाल मुंबई द्वारा रात्रि में बाबा मंडली जलगांव, रायगढ़, सीधी, विनोद चावला चकरभाठा द्वारा भजन, कीर्तन, सत्संग किया गया। इसी दौरान बाबा की देहरी पर दिनभर मत्था टेकने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर 1 बजे पाठ साहेब आरंभ हुआ। इसके बाद दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक गोदड़ीवाला धाम महिला मंडल देवपुरी रायपुर व भाटापारा का सत्संग हुआ। इस दौरान नाटक जलगांव के कलाकारों द्वारा पेश किया गया। 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल का बहराणा साहेब, दोपहर 1 बजे शोभायात्रा निकलेगी। वर्सी महोत्सव की सेवा में इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, घनश्याम माखीजा, अनिल तुल्यानी, लाल खूबचंदानी, सुशील केशवानी, इंदर थौरानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी आदि जुटे हैं।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स की फिल्म को लोग बता रहे अल्टीमेट, कहा- ये अकल्पनीय



'अवतारः फायर एंड ऐश' सिनेमाघरों में 19 दिसंबर को रिलीज होगी। लेकिन, अमेरिका में हुए प्रीव्यू शो के बाद इसके फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं। विदेशी मीडिया के फिल्म समीक्षकों ने जेम्स कैमरून की इस फिल्म को अद्भुत, अकल्पनीय बताया है। फिल्म क्रिटिक कोर्टनी हॉवर्ड ने एक्स पर 'अवतारः फायर एंड ऐश' की तारीफ करते हुए लिखा है, 'यह फिल्म हमें याद दिलाती है कि मूवी थिएटर किसलिए बनाए गए थे। अद्भुत।' उन्होंने आगे तारीफ में कहा है, 'तीन फिल्में करने के बाद भी, जेम्स कैमरून में अभी भी दम है। यह जबरदस्त और शानदार फिल्म है, जो आप पर इमोशनली भी असरदार है। एक शानदार कहानी। हर तरह से दमदार, शानदार और जबरदस्त। इसे देखते हुए लगता है कि मूवी थिएटर्स ऐसी फिल्मों के लिए ही बनाए गए थे।' एक अन्य समीक्षक क्रिटिक शॉन ताजीपोर ने भी तारीफ करते हुए लिखा है, 'फायर एंड ऐश, जेम्स कैमरून ने हर फ्रेम के साथ अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाया है। मैं 'अवतार'का सबसे बड़ा सुपरफैन नहीं हूं, लेकिन 'अवतारः फायर एंड ऐश'साबित करता है कि कैमरून हमेशा सबसे बेहतरीन सिनेमैटिक फिल्म दे सकते हैं और देंगे। विजुअल्स और इमोशन को उन्होंने नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। एक सच्ची ब्लॉकबस्टर मूवी।' इसी तरह 'कोलाइडर' के पेरी नेमिरॉफ ने लिखा, 'मैं अभी भी इस बात से हैरान हूं कि 'अवतार'फिल्में कितनी जादुई हैं।

### टॉलीवुड

## वर्षों बाद ममूटी और मोहनलाल बड़े पर्दे पर एक साथ आएंगे नजर



मलयालम के एक्टर मोहनलाल और ममूटी वर्षों से एक दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक साथ फिल्म 'पैट्रियट' में काम करने वाले हैं। कई वर्षों के बाद बड़े पर्दे पर दोनों एक साथ वापसी करेंगे। ऐसे में फिल्म के सेट पर ममूटी ने मोहनलाल को सम्मानित किया है। ममूटी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि ममूटी एक बेहतरीन शॉल मोहनलाला के ऊपर डाल रहे हैं। इस दौरान सेट पर फिल्म के कई कलाकार मौजूद हैं। ममूटी ने मोहनलाल को यह सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार जीतने की वजह से दिया। मोहनलाल को इंडियन सिनेमा में योगदान देने के लिए हाल ही में साल 2003 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया है। एक्टर को पुरस्कार मिलने पर ममूटी ने मोहनलाल को शुभाकामनाएं दी थी। ममूटी ने एक्स पर लिखा था 'एक साथी से ज्यादा, एक भाई और एक कलाकार जो दशकों से सिनेमाई सफर पर है। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार सिर्फ एक एक्टर के लिए नहीं, बल्कि एक ऐसे कलाकार के लिए है जिसने सिनेमा को जिया है। फख्र महसूस हो रहा है और आपके लिए खुश हूं। आप इस ताज के हकदार हैं।' फिल्म 'पैट्रियट' का निर्देशन महेश नारायणन कर रहे हैं। यह एक पॉलिटिकल जासूसी थ्रिलर फिल्म है। इसमें जासूसी, एक्शन और देशभक्ति का मिश्रण देखने को मिलेगा। इसके निर्माता एंटो जोसेफ हैं। इसमें कुंचाको बोबन, फहाद फासिल, नयनतारा और रेवती जैसे शानदार कलाकार होंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने कथावाचक इंद्रेश से शादी में शामिल न हो पाने पर मांगी माफी



लोकप्रिय कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने शिप्रा शर्मा के साथ रीति-रिवाज के साथ विवाह किया है। उनकी भव्य शादी का आयोजन जयपुर में हुआ, जहां कई चर्चित चेहरे शामिल हुए। बागेश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र शास्त्री से लेकर देवकीनंदन ठाकुर और अनिरुद्धाचार्य सहित कई कथावाचक विवाह समारोह में पहुंचे। सोशल मीडिया पर नवविवाहित जोड़ी की शादी की तस्वीरें-वीडियो वायरल हो रही हैं। इस बीच भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने इंद्रेश उपाध्याय से माफी मांगी है। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित सिंगर-एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर इंद्रेश उपाध्याय व शिप्रा शर्मा के विवाह का एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने शादी की शुभकामनाएं दी हैं। अक्षरा ने लिखा है, 'प्यारे भैया भाभी को शादी की हार्दिक शुभकामनाएं। और माफी ना आ पाने के लिए। भाभी से मिलने जल्द आ रही हूं'। इंद्रेश उपाध्याय का विवाह समारोह जयपुर के फाइव स्टार होटल ताज आमेर में आयोजित हुआ। इंद्रेश उपाध्याय और शिप्रा शर्मा का वैदिक विवाह हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक 100 पंडितों ने दोनों की शादी कराई। विवाह के बाद आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआ। इंद्रेश, मशहूर कथावचक कृष्णचंद शास्त्री ठाकुर के बेटे हैं। अक्षरा सिंह शादी समारोह में क्यों नहीं जा पाईं इसका कारण तो उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है। मगर, उन्होंने इंद्रेश उपाध्याय की दुल्हन से जल्द मुलाकात का वादा जरूर किया है। हालांकि, अक्षरा के इंस्टाग्राम पोस्ट से यह जरूर मालूम चलता है कि बीते कुछ दिनों वे खुद अपनी एक करीबी दोस्त के शादी समारोह में उपस्थित रहीं। इसकी झलकियां भी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं।

### लाइफ स्टाइल

सिमर भाटिया अपनी खूबसूरती से सबका दिल जीत रही हैं। फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में अपने स्टाइल से सारी लाइमलाइट भी लूट ले गईं। इस इवेंट के लिए फ्लोरल पैटर्न वाली इजी-ब्रीजी ड्रेस को चुना, जो न सिर्फ उन्हें क्लासी लुक दे रही, बल्कि सिंपल और एलिगेंट भी लग रही है।




## शादी के सीजन में इन लिपस्टिक शेड्स को बनाएं अपने लुक का हिस्सा

शादी का सीजन आते ही हर लड़की की चाह होती है कि वह सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए मेकअप बहुत जरूरी होता है, खासकर लिपस्टिक का चयन। सही लिपस्टिक शेड न केवल आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ाता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताते हैं, जो शादी के सीजन में हर लड़की को शानदार दिखा सकते हैं।

**ग्लॉसी पिंक :** ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड्स हमेशा से ही पसंद किए जाते रहे हैं। यह शेड न केवल आपके होंठों को चमकदार बनाता है, बल्कि आपके चेहरे पर भी ताजगी लाता है, खासतौर पर जब आप पारंपरिक सफेद या हल्के रंग की साड़ी पहनती हैं तो यह शेड आपके लुक को पूरा करता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी खूबसूरत दिखती हैं।

**डीप रेड :** डीप रेड लिपस्टिक शेड्स हमेशा से



ही शादी जैसे खास मौकों के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है। यह न केवल आपके होंठों को आकर्षक बनाता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी शाही अंदाज देता है, खासकर जब आप लाल या गहरे रंग की लहंगा-चोली पहनती हैं तो यह आपके लुक को और भी खास बना देता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।

### प्लम शेड लिपस्टिक

प्लम शेड की लिपस्टिक भी इस मौसम का हिस्सा बन चुकी है। यह शेड न केवल आपके होंठों को खूबसूरत बनाता है, बल्कि आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, खासकर जब आप गहरे शेड की ड्रेस पहनती हैं तो यह रंग आपके लुक को और भी खास बना देता है।

इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी संतुलित करता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।

### ब्राउन शेड

अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक प्राकृतिक और सादा रहे तो ब्राउन शेड आपके लिए सही रहेंगे। यह न केवल आरामदायक लगता है बल्कि हर प्रकार की ड्रेस के साथ मेल खाता है, खासकर जब आप हल्के रंग की ड्रेस पहनती हैं तो यह शेड आपके लुक को पूरा करता है और आपको एक नया अंदाज देता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के रंग को भी उभारता है, जिससे आप और भी सुंदर लगती हैं।

## अपनी पसंदीदा ढीली पैंट्स को स्टाइलिश बनाने आजमाएं ये तरीके

फैशन



ढीली पैंट्स न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये पैंट्स हर मौके पर पहने जा सकते हैं, चाहे वह ऑफिस हो या पार्टी। सही तरीके से इन्हें पहनने पर आपका लुक और भी खास लग सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी ढीली पैंट्स को और भी ज्यादा फैशनेबल बना सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।

**टी-शर्ट के साथ करें पहनावा :** ढीली पैंट्स के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा रंग या प्रिंट वाली टी-शर्ट चुन सकते हैं, जो आपके पैंट्स के रंग से मेल खाती हो। इससे आपका लुक सरल और आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप टी-शर्ट को थोड़ा बाहर निकालकर पहन सकते हैं ताकि आपके लुक में थोड़ा सा ट्विस्ट आए। यह स्टाइल न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है।

**जैकेट या कोट का करें चयन :** अगर आप अपने ढीली पैंट्स को थोड़ा फॉर्मल टच देना चाहते हैं तो एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट या कोट का चयन कर सकते हैं। यह आपके लुक को पेशेवर और स्टाइलिश बनाता है। आप कोट को पैंट्स के साथ मैच करके या विपरीत रंग लेकर एक खास स्टाइल बना सकते हैं। इसके अलावा आप इसे किसी भी अवसर पर पहन सकते हैं, चाहे वह ऑफिस हो या किसी पार्टी में जाना हो।

**बेल्ट का करें इस्तेमाल :** बेल्ट का उपयोग करके आप अपने ढीली पैंट्स को और भी स्टाइलिश बना सकते हैं। एक मोटी बेल्ट आपके लुक को खास बना सकती है और आपकी कमर को उभारती है। इसके अलावा बेल्ट आपके पैंट्स को सही जगह पर रखती है, जिससे आपका लुक व्यवस्थित दिखता है। आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों की बेल्ट चुन सकते हैं, जो आपके पैंट्स के साथ अच्छी तरह मेल खाती हो।



**जूतों पर दें ध्यान :** जूते आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं, इसलिए इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ढीली पैंट्स के साथ फ्लैट्स या आरामदायक जूते किसी भी प्रकार के जूते अच्छे लगते हैं। अगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में आरामदायक रहना चाहती हैं तो फ्लैट्स सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है, वहीं पार्टी या खास मौकों पर ऊंची एड़ी वाले जूते आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं।

## बूट्स आरामदायक होने के साथ ही लुक को भी बनाते हैं खास, खरीदते समय रखें खास ध्यान

सर्दियों में बूट्स पहनना एक अच्छा विकल्प है क्योंकि ये आपके पैरों को गर्म रखते हैं और ठंड से बचाते हैं। हालांकि, बूट्स खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि वे न केवल आरामदायक हों, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाएं। इस लेख में हम आपको बूट्स खरीदते समय ध्यान रखने योग्य कुछ अहम बातें बताएंगे, जिससे आप सर्दियों में स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कर सकें।

### सही आकार चुनें

बूट्स खरीदते समय सबसे पहली बात जो ध्यान में रखनी चाहिए, वह है उनका आकार। आपके पैरों का माप और चौड़ाई दोनों ही अहम हैं। अगर बूट्स छोटे होंगे तो पैरों में दर्द हो सकता है और बड़े होंगे तो चलने में दिक्कत आएगी। इसलिए हमेशा अपने पैरों के माप के अनुसार ही बूट्स चुनें। इसके अलावा ऊँचाई भी मायने रखती है। अगर आप हील्स बूट्स ले रहे हैं तो उन्हें पहले पहनकर देखें।



### सामग्री पर ध्यान दें

बूट्स की सामग्री भी बहुत अहम होती है। लेदर, सूती या कृत्रिम कपड़े में से किसी एक का चयन करें, जो आपके लिए सबसे अच्छा हो। लेदर बूट्स लंबे समय तक चलते हैं और इन्हें साफ करना आसान होता है, जबकि सूती बूट्स अधिक आरामदायक होते हैं। कृत्रिम कपड़े सस्ते होते हैं लेकिन जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए अपनी जरूरत और बजट के अनुसार सामग्री का चयन करें ताकि बूट्स आपके लिए सबसे उपयुक्त हो।

**एड़ी का चयन सोच-समझकर करें :** अगर आप हील्स बूट्स खरीद रहे हैं तो उनकी आरामदायकता पर विशेष ध्यान दें। हाई हील्स पैरों में दर्द कर सकती हैं और चलने में दिक्कत पैदा कर सकती हैं इसलिए मध्यम ऊँचाई वाली एड़ी ही चुनें।

## ठंड के मौसम में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़े चुनना जरूरी

ठंड के मौसम में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़े चुनना जरूरी हो जाता है। इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आपको गर्माहट दें और ठंड से बचाएं। आलमारी में कुछ जरूरी चीजें होना अहम है ताकि आप हर मौके पर स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें। आइए आज हम आपको ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जो आपकी अलमारी में जरूर होनी चाहिए ताकि ठंड से आप सुरक्षित रह सकें।

**ऊनी स्वेटर :** ऊनी स्वेटर न केवल आपको गर्माहट देता है, बल्कि यह स्टाइलिश भी दिखता है। इसे आप जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। हल्के रंगों का चयन करें ताकि यह किसी भी कपड़े के साथ मेल खाए। ऊनी स्वेटर पहनकर आप ठंड के मौसम में आरामदायक महसूस करेंगी और साथ ही स्टाइलिश भी



दिखेंगी। इसके अलावा ऊनी स्वेटर आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगा और आपको ठंड से सुरक्षित रखेगा।

**जैकेट और कोट :** जैकेट और कोट ठंड से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। मोटी और गर्म जैकेट चुनें, जो आपके कपड़ों के साथ अच्छी लगे। कोट लंबे होते हैं और ये आपके पूरे शरीर को गर्म रखते हैं। इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि ये आरामदायक हों और आसानी से पहनने-उतारने में भी आसान हों। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में जैकेट और कोट चुन सकती हैं, जो आपके स्टाइल को निखारेंगे और आपको ठंड से सुरक्षित रखेंगे।

**मफलर :** मफलर एक जरूरी चीज है, जो आपके गले को ठंड से बचाता है। इसे आप किसी भी कपड़े के साथ बांध सकती हैं। ऊनी या सूती मफलर चुनें, जो गर्माहट दें और आरामदायक भी हों। मफलर पहनकर न केवल आप ठंड से सुरक्षित रहेंगी, बल्कि आपका लुक भी खास लगेगा। इसके अलावा मफलर आपके स्टाइल को निखारने में मदद करेगा और आपको ठंड से बचाए रखेगा।

### कार्नर न्यूज

10 रु से ज्यादा का खर्चा नहीं, लगाने में भी आसान

## रोज 2 छोटी चम्मच हल्दी लगाने से चेहरे का हटेगा मैल, झलकेगा सौंदर्य, आएगा निखार

हम सभी स्किन केयर के नाम पार बाजार से जाकर महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स खरीदकर ले आते हैं। हालांकि, कई मामलों में ये प्रोडक्ट्स उतना काम नहीं करते हैं, जितना उन्हें करना चाहिए। आपको स्किन केयर करने के लिए बाजार वाले प्रोडक्ट्स में पैसे बहाने की जगह किचन में रखी हल्दी का उपयोग करें। आपको त्वचा की समस्याओं से छुटकारा दिला देंगी। हालांकि, आपको हल्दी में कुछ चीजों को अलग से मिलाना होगा। आइए इस बारे में विस्तार से जान लेते हैं।



### हल्दी और कॉफी

अगर आप चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो पाना चाहते हैं, तो हल्दी में कॉफी मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। बता दें कि ये कॉम्बिनेशन डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और कॉफी एक्सफोलिएट करती है। इससे चेहरा चमकाने में मदद मिलती है।

### हल्दी और बेसन

इस कॉम्बिनेशन को चेहरे पर लगाने से टैनिंग को नेचुरली कम करने में मदद मिलती है। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो शरीर में मेलेनिन प्रोडक्शन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे त्वचा में नेचुरल चमक आती है। वहीं, बेसन त्वचा पर जमी मैल की परत को निकालकर, टैनिंग कम करने में मदद करता है।

### हल्दी और मुलेठी पाउडर

बता दें कि हल्दी और मुलेठी पाउडर को मिलाकर लगाने से चेहरे की पिगमेंटेशन और एक्ने मार्क्स को हटाने में मदद मिलती है। इससे त्वचा की रंगत एक समान रहती है और त्वचा की सूजन को कम करने में मदद मिलती है। इस कॉम्बिनेशन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज त्वचा को नमी और पोषण देने का काम करती हैं। इससे त्वचा स्वस्थ और ग्लोइंग बनती है।



### हल्दी और चावल का आटा

चावल का आटा त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप हल्दी में चावल का आटा मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो गिलास स्किन पाने में मदद मिल सकती है। इससे चेहरे पर नेचुरल चमक दिखती है। हालांकि, आपको इस नुस्खे को नियम से इस्तेमाल करना होगा। आपको पहली बार में कोई अंतर नहीं दिखेगा।

### हल्दी और एलोवेरा

इसके लिए आपको एलोवेरा जेल में हल्दी को मिलाना है। बता दें कि ये कॉम्बिनेशन त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को निकालकर बाहर फेकने का काम करता है। इससे आपकी त्वचा में एक्ने की समस्या काम होती है और चेहरा भी कम चिपचिपा महसूस होता है।